दैनिक

www.currentcrime.com

# करंट क्राइम

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली शुक्रवार 08 मई -2026 ● वर्ष : 11 अंक : 135 पेज-08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3










## पश्चिम बंगाल विधानसभा भंग, ममता नहीं रहीं मुख्यमंत्री




**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल विधानसभा का कार्यकाल खत्म होते ही राज्यपाल ने पूरी कैबिनेट को भंग कर दिया और इसके साथ ही ममता बनर्जी अब मुख्यमंत्री नहीं रहीं।

गुरुवार, 7 मई को राज्यपाल आर.एन. रवि ने राज्य विधानसभा को भंग करने का आधिकारिक आदेश जारी कर दिया। कोलकाता गजट में प्रकाशित इस नोटिफिकेशन के बाद ममता बनर्जी की सरकार संवैधानिक रूप से खत्म हो गई।

**राज्यपाल ने लिया फैसला :** राज्यपाल ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 174(2)(बी) के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह फैसला लिया। नोटिफिकेशन पर मुख्य सचिव दुष्यंत नारियाला के हस्ताक्षर हैं। विधानसभा का कार्यकाल खत्म होने के साथ ही 15 साल पुराना तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) शासन भी खत्म हो गया।

**ममता का इस्तीफे से इनकार :** इससे पहले ममता बनर्जी ने इस्तीफा देने से इनकार कर दिया था, जिसके चलते सियासी खींचतान जारी थी। इसके बावजूद राज्यपाल ने संवैधानिक प्रक्रिया अपनाते हुए कैबिनेट और विधानसभा को भंग कर दिया।

**तीन बार सीएम रह चुकीं ममता :** ममता बनर्जी 2011 से लगातार सत्ता में थीं और तीन बार मुख्यमंत्री रह चुकी हैं। उनका कार्यकाल विवादों, हिंसा और विकास योजनाओं के मिश्रण के लिए जाना जाता है। अब सत्ता परिवर्तन के बाद राज्य में नई सरकार गठन की प्रक्रिया शुरू होने की उम्मीद है।

## महिला आयोग पहुंचा भाजपा नेता की अश्लील टिप्पणी का मामला, मोदीनगर थाने में एफआईआर दर्ज

**अश्लील प्रकरण**

### एसीपी बोले डिजिटल एविडेंस की भी जांच जारी




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** मोदीनगर में भाजपा के एक पदाधिकारी द्वारा अपनी ही पार्टी की महिला पदाधिकारी पर कथित अश्लील टिप्पणी किए जाने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। शिकायत राज्य महिला आयोग तक पहुंचने के बाद पुलिस ने भी कार्रवाई तेज कर दी है। महिला आयोग के संज्ञान लेने पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष नितिन मित्तल के खिलाफ मोदीनगर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। एसीपी मोदीनगर भास्कर वर्मा ने बताया कि महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष की शिकायत के आधार पर आरोपी भाजपा नेता के खिलाफ अश्लील टिप्पणी करने सहित संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि शिकायत के साथ कुछ डिजिटल एविडेंस भी उपलब्ध कराए गए हैं, जिनकी जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

बताया जा रहा है कि भाजपा संगठन के भीतर भी इस मामले को लेकर हलचल बनी हुई है। वहीं सोशल मीडिया पर मामला तेजी से वायरल होने के बाद विपक्षी दल भी भाजपा पर निशाना साध रहे हैं।

राजनीतिक गलियारों में इस प्रकरण को लेकर चर्चाओं का दौर जारी है। सूत्रों की मानें तो मामला केवल संगठनात्मक विवाद तक सीमित नहीं रह सकता, बल्कि आने वाले दिनों में पार्टी स्तर और प्रशासनिक स्तर पर भी कई महत्वपूर्ण कदम उठाए जा सकते हैं। फिलहाल पुलिस जांच रिपोर्ट और महिला आयोग की अगली कार्रवाई पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं।

### प्रदेश और क्षेत्रीय नेतृत्व को करा दिया गया है अवगत, उनके निर्देशों का इंतजार : चैनपाल गुर्जर



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। मोदीनगर में भाजपा के एक पदाधिकारी द्वारा भाजपा की ही एक महिला पदाधिकारी पर अश्लील टिप्पणी करने के मामले ने थाने की राह पकड़ ली है। एफआईआर दर्ज हो गई है और अब मामला महिला आयोग पहुंचा है। इस मामले को लेकर दैनिक करंट क्राइम ने भाजपा के जिलाध्यक्ष चैनपाल गुर्जर से बात की। उन्होंने करंट क्राइम से बातचीत में कहा कि मैं इस पूरे प्रकरण की जानकारी लेने के लिये मोदीनगर गया था। उन्होंने कहा कि दोनों के पूरे प्रकरण की डिटेल, चेटिंग, अन्य संदेश इत्यादि सब भाजपा के प्रदेश नेतृत्व और क्षेत्रीय नेतृत्व को भेज दी गई है। उन्होंने कहा कि हमने प्रदेश अध्यक्ष और क्षेत्रीय अध्यक्ष को इस पूरे मामले से अवगत करा दिया गया है। अब हमें हाईकमान के आदेशों का इंतजार है। इस मामले में पार्टी जो भी निर्णय लेगी उसका पालन किया जायेगा।

## सांसद अतुल गर्ग ने बंगाल चुनाव के बाद रखी अपने मन की बात

## ममता बनर्जी ने झूठ बोला कि मेरे बाल नोंचे गये

**बिंदास बोल**

### सांसद ने कहा कि ममता बनर्जी ने ये भी कहा कि मेरे पेट पर लात मारी गयी। क्या इस बात पर यकीन किया जा सकता है।



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पश्चिम बंगाल चुनाव में भाजपा की जीत हुई है और ये जीत लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के लिए खास है। वो लम्बे समय से डेरा डालकर वहां चुनाव प्रचार कर रहे थे। उन्होंने इतने दिन में पश्चिम बंगाल में भाजपा कार्यकर्ताओं की स्थिति का आंकलन किया और उनके संघर्ष को समझा। चुनाव के बाद वो अतुल गर्ग ने अपनी बात रखी और उन्होंने कहा कि मैं पश्चिम बंगाल से लौटा तो मेरे मन में ये बात थी। मैं ने वहां भाजपा कार्यकर्ताओं के अपमान, उनके संघर्ष को देखा है। वहां पर क्या चल रहा था उसके विषय में मैं अपनी बात रख रहा हूं। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि ममता बनर्जी काउंटिंग से पहले ही बाहर आ गयीं। उन्होंने अपने कार्यकर्ता भी बाहर बुला लिये। जब काउंटिंग के दो राउन्ड रह गये तो ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि हमारे कार्यकर्ताओं को एजेन्टों को बाहर कर दिया गया है। सांसद अतुल गर्ग ने पूछा है कि क्या झूठ बोलना राजनीति का अंग बन गया है। ऐसे तो जनता के बीच नेताओं का श्रद्धाभाव ही कम हो जायेगा। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी ने झूठ बोला कि मेरे बाल नोंचे गये। मैंने बड़े गौर से यहां देखा और पाया कि जिस महिला के बाद दस मिनट नोंचे गये हों और बाल बिल्कुल ठीक हों ऐसा नहीं हो सकता। क्या वहां कोई कंघा रखा था जो वो इस घटना के बाद बिल्कुल ठीक बाहर आ गयी।

सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि ममता बनर्जी ने ये भी कहा कि मेरे पेट पर लात मारी गयी। क्या वास्तव में कोई फिजिकल हमला हुआ था। क्या इस बात पर यकीन किया जा सकता है। यहां अतुल गर्ग ने अपने अंदाज में चुटकी ली और कहा कि हो सकता है कि वो ये कहना चाह रही हों कि अब मैं ना सीएम रही हूं और ना एमएलए रही हूं तो ये हो सकता है कि पेट में लात मारने का आश्रय उस व्यवस्था से हो। सुनने समझने में यही समझा जायेगा और समझा जा रहा है और हम इस बात को सच मान लेते हैं। सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि तीसरी बात ये है कि उन्होंने पहले दिन ही कह दिया कि उनके सभी विधायक काले कपड़े पहनकर जायेंगे। इसकी आलोचना हो रही है और मैं खुद ये पूछना चाहता हूं कि अगर किसी के घर पर कोई श्यापा हो गया तो क्या पूरी दुनिया काले कपड़े पहनेगी। उन्होंने कहा कि हमें भी उनकी इस बात का बुरा मानने की जरूरत नहीं। उनके जीवन में ये बड़ा घटनाक्रम हुआ है तो इसलिए वो काले कपड़े पहनने की बात कह रही हो। ममता बनर्जी की हालत एक छोटे बच्चे जैसी है और वो ठीक वैसी ही जिद कर रही है जैसे छोटे बच्चे कई बार मैच में इस बात पर अड़ते हैं कि मैं अपना बैट नहीं दूंगा, हम फिल्डिंग नहीं करेंगे। सांसद ने कहा कि हमें ममता बनर्जी की बातों का बुरा नहीं मानना चाहिए। उनके जीवन में वास्तव में ये बड़ी घटना घटित हुई है।

## पश्चिम बंगाल के शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचेंगे गाजियाबाद के धुरंधर

**निमंत्रण**

### सांसद से लेकर वरिष्ठ नेताओं ने संभाली थी वहां कमान




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने जीत का परचम लहरा दिया है। भाजपा यहां बड़े बहुमत के साथ जीती है और 9 मई को पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार का विधिवत गठन हो जाएगा। मुख्यमंत्री सहित मंत्रिमंडल के चेहरे शपथ लेंगे। इस बार चुनाव में गाजियाबाद के चेहरों की भी दमदार उपस्थिति रही है। लोकसभा सांसद **अतुल गर्ग** कई दिन पहले ही पश्चिम बंगाल पहुंच गए थे। उन्हें चुनाव प्रचार के लिये भेजा गया था। गाजियाबाद के कई नेताओं ने यहां चुनाव प्रचार की कमान संभाली और जब नतीजा आया तो ये जीत उन्हें इनाम के रूप में मिली है। अब जब मेहनत सफल हो गई है, सरकार का गठन हो गया है तो शपथ ग्रहण समारोह में पूरे देश से भाजपा नेता पहुंचेंगे, कई मुख्यमंत्री पहुंचेंगे तो ऐसे में गाजियाबाद के भी कई धुरंधर शपथ ग्रहण समारोह में दिखाई देंगे। इन चेहरों ने वास्तव में यहां मेहनत की है।

यहां पर सांसद अतुल गर्ग बंगाल चुनाव में लगातार प्रचार करने वाले चेहरे हैं। उनको शपथ ग्रहण समारोह का निमंत्रण प्राप्त हुआ है। **भाजपा नेता योगेंद्र मावी** को साल्ट लेक विधानसभा चुनाव में भेजा गया था। योगेंद्र मावी को भी शपथ ग्रहण समारोह का निमंत्रण बंगाल से प्राप्त हुआ है। वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक मोंगा ने लगातार यहां मेहनत की है, उन्हें ओल्ड कोलाकाता तथा हावड़ा विधानसभा सीट पर लगाय गया था।

वो चार महीने से यहीं प्रवास कर रहे थे। इसके अलावा भाजपा की महिला मोर्चा की **प्रदेश मंत्री रूचि गर्ग** भी पश्चिम बांगल चुनाव प्रचार में संगठन के द्वारा भेजी गई थी। वो संदेशखाली, बशीर हट और हिंगोल गंज विधानसभा सीट पर चुनाव प्रचार की कमान संभाल रही थी। उन्हें भी पश्चिम बंगाल विधानसभा शपथ ग्रहण समारोह का निमंत्रण प्राप्त हुआ। इसके अलावा अन्य कई नेता हैं जो पश्चिम बंगाल में शपथ ग्रहण समारोह का निमंत्रण प्राप्त करने वाले नेताओ में शामिल हैं। 9 मई को यहां शपथ ग्रहण समारोह होना है। सूत्र बताते हैं कि संगठन द्वारा और पश्चिम बंगाल की ओर से सभी प्रवासी भाजपाइयों को शपथ ग्रहण समारोह का निमंत्रण भेजा गया है।

## बंगाल में भाजपा की असली परीक्षा : ममता के राजनीतिक किले को तोड़ेगी या उसी व्यवस्था को अपनाएगी? : बालेश्वर त्यागी



**लेख की प्रमुख बातें**

**1** ममता बनर्जी की लोकप्रियता और संघर्ष उनकी सबसे बड़ी ताकत रहे
साधारण जीवनशैली, संघर्षशील छवि और जनता से सीधा जुड़ाव उन्हें लंबे समय तक बेहद लोकप्रिय नेता बनाता रहा।

**2** कम्युनिस्ट शासन का ढांचा बंगाल की राजनीति की असली शक्ति था
सरकारी कर्मचारियों से लेकर संगठन के कार्यकताओं तक, एक ऐसा तंत्र विकसित हुआ जिसमें आर्थिक हित सत्ता और संगठन से जुड़ गए थे।

**3** ममता बनर्जी ने सत्ता में आने के बाद उसी व्यवस्था को आगे बढ़ाया
कम्युनिस्ट शासन खत्म हुआ, लेकिन उसका राजनीतिक और संगठनात्मक मॉडल कायम रहा, जिसे ममता सरकार ने भी अपनाया।

**4** भाजपा की जीत केवल राजनीतिक नहीं, प्रशासनिक और रणनीतिक भी रही
चुनाव आयोग की सख्ती, अधिकारियों के तबादले और केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती ने निष्पक्ष माहौल बनाने में बड़ी भूमिका निभाई।

**5** अब भाजपा के सामने सबसे बड़ा सवाल व्यवस्था परिवर्तन का है
क्या भाजपा विचारधारा आधारित राजनीति करेगी या सत्ता बचाने के लिए उसी आर्थिक-राजनीतिक ढांचे को अपनाएगी जो पहले वामपंथ और फिर तृणमूल की ताकत बना?

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** हम प्रतिदिन सुबह नेहरू नगर स्टेडियम में घूमने जाते हैं। हमारा ये क्रम इस स्थान पर जवाहरलाल नेहरू स्टेडिम बनने से पहले से है। स्टेडियम में ममता बनर्जी का पत्थर लगा है। ममता जी उस समय भारत सरकार में खेल विभाग की मंत्री थीं। एक समय में ममता जी बहुत लोकप्रिय नेता थी। उनमें आम आदमी न केवल अपनी समस्याओं का समाधान देखता था बल्कि उनमें अपने हीरो की तस्वीर देखता था। ममता जी का राजनैतिक जीवन बड़ा संघर्षों से भरा रहा है। सादे सूती साड़ी, पैरों में चप्पल बिना किसी दिखावे के सादगी से जीवन जीने का उनका अंदाज लोगो को बहुत अच्छा लगता था। उनका संघर्ष का माद्दा ही बंगाल से कम्युनिस्टों के शासन को उखाड़ने का कारण बना।





ममता जी मुख्य मंत्री बनने के बाद बंगाल में कम्युनिस्ट शासन तो समाप्त हो गया लेकिन कम्युनिस्टों ने जो सिस्टम विकसित किया ममता जी उसे तोड़ नहीं सकीं उल्टे उन्होंने उसी सिस्टम को अपना लिया। मुझे नहीं पता ये उनकी विवशता थी या उनके लिए सहज सरल और पहले से उपलब्ध व्यवस्था थी, इसलिए उन्होंने उसे तोड़ने के बजाय उसे अपनाना उचित समझा। कम्युनिस्टों के शासन में सरकार का सबसे छोटे स्तर का कर्मचारी चाहे वह शिक्षक हो या गांव का लेखपाल वह वेतन तो सरकार से लेता था लेकिन काम वह कम्युनिस्ट पार्टी के निर्देश पर करता था. संगठन के स्तर पर भी बहुत सारे कार्यकताओं का आर्थिक हित संगठन के साथ जुड़ गया था। संगठन का काम करने के बदले उन्हें बहुत सारी योजनाओं में कमीशन मिलता था। मुझे तो तब आश्चर्य हुआ जब मुझे पता चला कि वहां श्मशान घाट पर बिकने वाली लकड़ी में भी पार्टी के कार्यकर्ता का कमीशन होता है। ऐसे आर्थिक हित से जुड़े कार्यकताओं का संगठन न केवल चुनाव में काम करता है बल्कि वह सत्ता को बनाए रखने के लिए मरने मारने को तैयार रहता है। ममता जी ने उस व्यवस्था को जस के तस अंगीकार कर लिया। और अल्प संख्यक का तुष्टिकरण ने उसमें तड़के का काम किया। इसलिए ममता जी को अपदस्थ करना आसान नहीं था। भाजपा ने योजना बद्ध तरीके से न केवल असंतोष की खेती की, बल्कि आम जन को जागृत करने का बड़ा अभियान चलाया।

अगर चुनाव आयोग इतनी सख्ती नहीं करता। चुनाव निष्पक्ष कराने के लिए बड़ी संख्या में अधिकारियों के तबादले नहीं करता और मतदाताओ को भय मुक्त करने के लिए बड़ी संख्या में केंद्रीय सुरक्षा बल नहीं लगता तो मामता जी को हराना लगभग असंभव होता।

अब भाजपा के लिए बड़ी चुनौती ये होगी कि वे ममता दीदी के उस ढांचे को तोड़ते हैं जिससे वे सत्ता पर काबिज थी या उसे ही अंगीकार कर लेते हैं। अगर आपको ऐसे कार्यकर्ता चाहिए जो आपके विचार के लिए काम करें। चुनावों में आपके लिए वोट मांगे और मतदान में सहभागी बनकर चुनाव में जिताने के लिए काम करें तो वह तो विचार परिवार से जुड़ा कार्यकर्ता भी काम कर सकता है। लेकिन अगर आपको ऐसा कार्यकर्ता चाहिए जो बूथ पर चुनाव के दिन डंडा लेकर खड़ा हो, आपकी सत्ता को बचाने के लिए मरने मारने को तैयार हो तो यह काम तो केवल वही कर सकता है जिसका आर्थिक हित सत्ता के साथ जुड़ा हो। जिसका प्रतिनिधित्व ममता दीदी करती थीं। देखते हैं बंगाल में भाजपा क्या करती है? कौन सा रास्ता अपनाती है?


ॐ शोक संदेश ॐ



मान्यवर,
अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्य पिताजी
**श्री पुरुषोत्तम दास मोदी जी**
का स्वर्गवास दिनांक 27 अप्रैल 2026 को हो गया है।
प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।
उनकी तेरहवीं (अरिष्टि) शुक्रवार, दिनांक 8 मई 2026 को होना निश्चित हुई है।

**कार्यक्रम:**

**तेरहवीं दिनांक: 08 मई 2026 (शुक्रवार)**

ब्रह्मभोज------------------------प्रात: 11:00 बजे
प्रसाद----------------------------दोपहर 12:00 बजे
रस्म पगड़ी ------------------------ दोपहर 3:00 बजे

**कार्यक्रम स्थल : AVS गार्डन, हापुड़ रोड, मोदीनगर**

**शोकाकुल परिवार:**
जगदीश प्रसाद मोदी (भाई)
बजरंग बली मोदी (भाई)
विपिन मोदी, संदीप मोदी (पुत्र)
सीताराम मोदी, प्रदीप मोदी (भतिजा)
अभय देव मोदी, आदित्य मोदी, सिद्धार्थ मोदी (पौत्र)

**निवास:**
A3/1, आलोक पार्क,
मोदीनगर
संपर्क सूत्र:
9219615061
9548177298



# राजभवन में फंसा 'विजय' का रथ

## सबसे बड़ी पार्टी होने के बावजूद शपथ ग्रहण पर ब्रेक, 118 विधायकों की चुनौती बरकरार

**कठिन डगर**

**तमिलनाडु के राज्यपाल राजेंद्र ने विजय को दूसरी बार राजभवन से वापस भेजा**



**चेन्नई।** तमिलनाडु में सरकार गठन को लेकर सस्पेंस अभी बरकरार है। टीवीके प्रमुख विजय आज एक बार फिर राजभवन पहुंचे और राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर से मुलाकात की। हालांकि राज्यपाल ने साफ संकेत दे दिए हैं कि केवल सबसे बड़ी पार्टी होने भर से सरकार बनाने का रास्ता आसान नहीं होगा। सूत्रों के मुताबिक, राज्यपाल अपने रुख पर कायम हैं कि विजय को पहले विधानसभा में बहुमत का स्पष्ट आंकड़ा दिखाना होगा। राजभवन का मानना है कि तमिलनाडु जैसे बड़े राज्य में अस्थिर सरकार का जोखिम नहीं लिया जा सकता, इसलिए 234 सदस्यीय विधानसभा में बहुमत के लिए जरूरी 118 विधायकों का समर्थन साबित करना अनिवार्य होगा।

### टीवीके के पास कितनी सीटें?

दरअसल, 23 अप्रैल को हुए विधानसभा चुनाव में टीवीके ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 108 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी का दर्जा हासिल किया था। हालांकि विजय खुद दो सीटों से चुनाव जीते हैं और नियमों के मुताबिक उन्हें एक सीट छोड़नी होगी। ऐसे में पार्टी की प्रभावी संख्या 107 रह जाएगी।

### विजय ने सरकार बनाने का दावा किया था पेश

बुधवार को विजय ने कांग्रेस के समर्थन पत्र के साथ सरकार बनाने का दावा पेश किया था। इसके अगले ही दिन वह फिर राजभवन पहुंचे। माना जा रहा है कि इस दौरान सरकार गठन के गणित और समर्थन जुटाने को लेकर चर्चा हुई। हालांकि राजभवन की ओर से अब तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

**कांग्रेस ने दिया टीवीके को समर्थन**

सरकार बनाने की कोशिश में टीवीके को उस समय बड़ी राहत मिली जब कांग्रेस ने डीएमके गठबंधन से अलग होकर विजय को समर्थन देने का फैसला किया। कांग्रेस के पांच विधायक टीवीके के साथ आए, लेकिन इसके बाद भी आंकड़ा केवल 112 तक पहुंच पाया। यानी बहुमत के जादुई आंकड़े 118 से अभी भी छह विधायक कम हैं। यही वजह है कि राज्यपाल ने फिलहाल शपथ ग्रहण को लेकर कोई हरी झंडी नहीं दी है।

# दिल्ली में आज से साफ रहेगा आसमान

**नई दिल्ली।** मई के महीने में जहां आमतौर पर भीषण गर्मी और लू का असर देखने को मिलता है, वहीं इस बार मौसम सुहावना बना हुआ है। दिल्ली में मई के मध्य तक ऐसा ही मौसम बना रहेगा। वहीं लू चलने की स्थिति भी नहीं बन रही है। पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम के बदले मिजाज से 12 मई तक तापमान 40 डिग्री के पार नहीं जाएगा।

पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण तापमान में गिरावट देखने को मिल रही थी। इससे लोगों को गर्मी से राहत बनी हुई है। हालांकि अब तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी होने लगी है। बुधवार को दिल्ली में धूप-छांव का खेल चलता रहा।

बादलों की आवाजाही के कारण गर्मी ज्यादा महसूस नहीं हुई। अधिकतम तापमान 35.4 डिग्री व न्यूनतम तापमान सामान्य से 4.4 डिग्री कम 20.7 डिग्री सेल्सियस बना रहा।

इससे पहले मंगलवार को अधिकतम तापमान 33.6 डिग्री और न्यूनतम तापमान 19.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

# उत्तर प्रदेश में 'मिशन रोजगार': सीएम ने 481 नवनियुक्तों को सौंपे नियुक्ति पत्र

**मिशन रोजगार**

**सीएम बोले—अब नौकरी के लिए सिफारिश नहीं, केवल योग्यता की जरूरत।**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग और उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चयनित 202 प्रोफेसर, रीडर, चिकित्सा अधिकारी, स्टाफ नर्स (आयुष विभाग) तथा 272 अनुदेशक (व्यावसायिक शिक्षा विभाग और 7 नर्स, हॉस्टल वार्डन और कंपाउंडर (दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग) को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में नियुक्ति पत्र वितरित किए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नौकरी पाने के लिए अब सिफारिश की जरूरत नहीं पड़ती है। आयुष विभाग में वेरीफिकेशन में थोड़ी देरी जरूर हुई है। आवेदन, परीक्षा से परिणाम तक किसी सिफारिश या अनैतिक दबाव की जरूरत नहीं पड़ी होगी। नीयत साफ, स्पष्ट नीति से परिणाम आने में देर नहीं लगती है। पिछले नौ साल में सरकार ने नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। कोई सोचता भी नहीं था कि यूपी में नियुक्ति निष्पक्ष तरीके से होगी। हमने अलग-अलग आयोग को जवाबदेही के साथ काम दिया। तकनीक का बेहतर प्रयोग। किसी भी युवा के साथ कोई अन्याय न हो जिससे अब निष्पक्ष भर्ती होती है।

पिछले 15 दिन में यह हमारा चौथा नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम है। 26 अप्रैल को 60 हजार पुलिस आरक्षियों की पासिंग आउट परेड। चार बड़ी नियुक्तियां हुईं। पिछले सप्ताह भी नियुक्ति पत्र दिया। आज यह चौथा कार्यक्रम है। आप का प्रदेश सरकार का हिस्सा बनने के लिए स्वागत है। सरकार की भी कुछ अपेक्षाएं होती हैं। जब योग्य और प्रतिभाशाली युवा हिस्सा बनते हैं तो गति और प्रगति दोनों बढ़ेगी। दोनों में बेहतर संबद्ध हैं। इसका परिणाम निष्पक्ष भर्ती है। पैसा लेकर भर्ती होती थी।

# बिहार में एनडीए का शक्ति प्रदर्शन

## पीएम की मौजूदगी में हुआ मंत्रिमंडल विस्तार



**मंत्रिमंडल विस्तार**

**सम्राट चौधरी की सरकार में 32 नए मंत्रियों को शपथ दिलाई गई**

**पटना।** सम्राट चौधरी की सरकार में गठन के 22 दिन बाद गुरुवार को मंत्रिमंडल का पहला विस्तार किया गया। इस दौरान 32 नए मंत्रियों को शपथ दिलाई गई। राज्यपाल सैयद अता हसनैन ने पटना के गांधी मैदान में आयोजित समारोह में मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण पांच-पांच मंत्रियों के समूह में कराया गया। भाजपा कोटे से मिथिलेश तिवारी, नीतीश मिश्रा, रामचंद्र प्रसाद, नंद किशोर राम और केदार गुप्ता समेत कई नेताओं को मंत्री बनाया गया। हालांकि पूर्व केंद्रीय मंत्री मंगल पांडेय को इस बार जगह नहीं मिली।

समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा समेत एनडीए के कई बड़े नेता मौजूद रहे।

इस बार मंत्रिमंडल में कई नए चेहरों को मौका मिला है।

# महाराष्ट्र के बीड में सड़क हादसा, दो लोगों की मौत

**बीड।** महाराष्ट्र के बीड जिले में हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। पहली घटना बुधवार दोपहर अण्णाभाऊ साठे चौक इलाके में हुई, जहां तेज रफ्तार कंटेनर ने पीछे से एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। जिससे उस पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बाद में हादसे में सोलापुर जिले की रहने वाली 45 वर्षीय प्रतीक्षा रामेश्वर चौधरी की मौत हो गई, जबकि उनके भाई और भाभी घायल हो गए। पुलिस ने बाद में कंटेनर चालक को गिरफ्तार कर लिया।

दूसरी घटना मंगलवार देर रात सोलापुर-धुले राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई, जहां एक कार सड़क किनारे लगे लोहे के ढांचे से टकरा गई। हादसे में कार सवार 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, कार की आगे की सीट पर बैठे दो अन्य लोग एयरबैग खुल जाने के कारण सुरक्षित बच गए।

# असम: 12 मई को होगा नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह, पीएम मोदी हो सकते हैं शामिल

**शपथ ग्रहण**

**सुरक्षा को लेकर हुई उच्च स्तरीय बैठक**

**भाजपा संसदीय दल का नेता चुनने के लिए शाह पर्यवेक्षक नियुक्त**



**गुवाहाटी।** असम नई सरकार शपथ ग्रहण समारोह 12 मई को आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम गुवाहाटी के खानापारा में वेटनरी फील्ड में होगा। इस समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कई केंद्रीय मंत्री, भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री तथा उद्योग जगत के प्रतिनिधि शामिल हो सकते हैं। राज्य के मुख्य सचिव रवि कोटा ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि सुरक्षा और तैयारियों को लेकर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक भी हुई है, जिसमें पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) समेत अधिकारियों के साथ सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, प्रोटोकॉल और समन्वय पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। लेकिन उन्हें कार्यवाहक मुख्यमंत्री के रूप में काम जारी रखने को कहा गया है।

भाजपा संसदीय दल के नेता के चुनाव के लिए केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा को पर्यवेक्षक और नायब सिंह सैनी को सह-पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। इस चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने 126 में से 102 सीटें जीतकर लगातार तीसरी बार सत्ता हासिल की है। जिसमें भाजपा और उसके सहयोगी दलों ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया है।

**हिमंत बिस्व सरमा का दोबारा**

# देवबंद में मंच से गरजे सीएम योगी, कहा- 'बंगाल की ऐतिहासिक जीत ने दिखाया आईना'



**शिलान्यास**

**सीएम ने हजारों करोड़ की लागत से तैयार जनकल्याणकारी परियोजनाओं का किया लोकार्पण**

देवबंद/ सहारनपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को सहारनपुर जिले के देवबंद पहुंचे, जहां उन्होंने हजारों करोड़ रुपये की लागत से तैयार और प्रस्तावित विभिन्न जनकल्याणकारी परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कई विभागों की योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए और जनसभा को संबोधित करते हुए प्रदेश सरकार की विकास योजनाओं और उपलब्धियों को विस्तार से जनता के सामने रखा।

मुख्यमंत्री ने देवबंद की पावन भूमि का स्मरण करते हुए मां शाकुंभरी सिद्धपीठ और माता त्रिपुरबाला कुंदरी के प्रति श्रद्धा व्यक्त की और सहारनपुर के सभी नागरिकों का अभिनंदन किया। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने बंगाल की जीत, कनेक्टिविटी और कानून व्यवस्था, दंगो और फतवों पर अपने विचार रखे।

सहारनपुर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने जिले के लिए बड़ी विकास सौगात की घोषणा की। उन्होंने बताया कि सहारनपुर जिले में हजारों करोड़ रुपये की लागत से सैकड़ों विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के सफल क्रियान्वयन से जिले के विकास को नई गति मिलेगी और आम नागरिकों को सुविधाओं का लाभ सीधे मिलेगा।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र भी वितरित किए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ सीधे पात्र लोगों तक पहुंचाया जा रहा है और पारदर्शिता के साथ उनका संचालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रदेश सरकार कई योजनाएं संचालित कर रही है। इन योजनाओं का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाना है।

जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल के चुनाव परिणामों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जनता विकास और सुशासन को प्राथमिकता देती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में तीसरी बार, उत्तराखंड में दूसरी बार और पश्चिम बंगाल में पहली बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद उन लोगों को आईना दिखाने का काम हुआ है, जो समाज को बांटने की राजनीति करते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि जनप्रतिनिधि जनता के बीच सक्रिय रहते हैं, सरकार जनभावनाओं का सम्मान करती है और योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जाता है, तो जनता ऐसे शासन को दोबारा अवसर देती है।

# सीएम योगी ने जनगणना-2027 के प्रथम चरण का किया शुभारंभ, बोले- ये विकास की मजबूत नींव है

**जनगणना**

**मुख्यमंत्री योगी ने बताया कि देश में पहली बार डिजिटल जनगणना कराई जा रही है**



**सीएम ने कहा कि जनगणना केवल हेड काउंट नहीं, बल्कि समग्र, समावेशी और सुनियोजित विकास का मजबूत आधार है।**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को जनगणना-2027 के प्रथम चरण का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने 'हमारी जनगणना, हमारा विकास' के संकल्प के साथ मकान सूचीकरण व मकानों की गणना कार्य की शुरूआत की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जनगणना केवल हेड काउंट नहीं, बल्कि समग्र, समावेशी और सुनियोजित विकास का मजबूत आधार है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का समय डेटा आधारित निर्णयों का है और जनगणना से प्राप्त सटीक आंकड़े शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना, सामाजिक सुरक्षा और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि सही जनगणना यह सुनिश्चित करती है कि समाज का अंतिम व्यक्ति भी समान रूप से विकास में सहभागी बन सके।

मुख्यमंत्री ने बताया कि देश में पहली बार डिजिटल जनगणना कराई जा रही है। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना का कार्य होगा। आमजन को 7 से 21 मई 2026 तक स्वगणना का विकल्प भी दिया गया है, जिसके तहत नागरिक डिजिटल प्लेटफॉर्म पर खुद अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। इसके बाद जनगणना कार्मिक घर-घर जाकर सूचीकरण का कार्य करेंगे। दूसरे चरण में प्रत्येक व्यक्ति की गणना की जाएगी।

सीएम ने कहा कि इस बार जनगणना में पहली बार जातीय गणना को भी शामिल किया गया है। साथ ही वन ग्रामों को भी जनगणना प्रक्रिया का हिस्सा बनाया गया है। डिजिटल तकनीक की वजह से प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, प्रभावी बनाया गया है। इसके लिए विशेष जनगणना पोर्टल तैयार किया गया है, जिससे ग्राम और वार्ड स्तर तक निगरानी की जा सकेगी।

# दिल्ली में करोड़ों रुपये की नकली दवाएं बरामद

**नई दिल्ली।** दिल्ली क्राइम ब्रांच ने नकली जीवन रक्षक दवाओं के एक बड़े अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में गिरोह के सरगना सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मुखर्जी नगर स्थित एक अवैध निर्माण और रीपैकेजिंग यूनिट का भी खुलासा किया है। यहां से करीब छह करोड़ रुपये की नकली दवाएं और मशीनें बरामद की गई हैं।

क्राइम ब्रांच की ईस्टर्न रेंज प्रथम टीम ने 22 अप्रैल 2026 को एक विशेष टीम गठित की थी। यह टीम एसीपी सुनील श्रीवास्तव की निगरानी में दिल्ली क्षेत्र में नकली और सरकारी सप्लाई की दवाओं की खुफिया जानकारी जुटा रही थी। सूचना मिली कि एक संगठित गिरोह सरकारी अस्पतालों के लिए निर्धारित दवाओं को अवैध रूप से इकट्ठा कर रहा है। ये दवाएं मूल लेबल हटाकर नए लेबल लगाकर दिल्ली एनसीआर और पूर्वोत्तर राज्यों में बेची जा रही थीं। सूचना मिलने के बाद ड्रग कंट्रोल विभाग के साथ मिलकर एक संयुक्त छापेमारी टीम बनाई गई।

# 'सीएम मान और केंद्रीय मंत्री बिट्टू को बम से उड़ा देंगे'

**धमकी**

**जालंधर-फरीदकोट में स्कूलों को भी उड़ाने की धमकी, आया मेल**



**जालंधर/फरीदकोट।** पंजाब के सीएम भगवंत मान शुकराना यात्रा के दौरान आज जालंधर और फरीदकोट में हैं। दोनों जिलों के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी भरे ईमेल में सीएम मान और केंद्रीय मंत्री रवनीत बिट्टू को कार बम से उड़ाने की भी बात लिखी गई है।

जालंधर में बीएसएफ चौक के पास एक्टिवा ब्लास्ट के बाद अब निजी स्कूलों को मिली धमकियों ने प्रशासन की चिंता और बढ़ा दी है। जानकारी के अनुसार, बीएमसी चौक स्थित एपीजे स्कूल को ई-मेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली, जिसके बाद स्कूल प्रबंधन ने तुरंत एहतियातन सभी छात्रों की छुट्टी कर उन्हें घर भेज दिया।

धमकी की सूचना मिलते ही स्कूल परिसर में अफरा-तफरी मच गई और पुलिस व प्रशासनिक टीमें तुरंत मौके पर पहुंच गईं। पूरे इलाके की सुरक्षा बढ़ा दी गई है और स्कूल परिसर की गहन जांच की जा रही है। फिलहाल किसी संदिग्ध वस्तु के मिलने की पुष्टि नहीं हुई है। एडीसीपी आकर्षि जैन ने बताया कि शहर के 5-6 स्कूलों को इसी तरह की धमकियां मिली हैं।

# एसपी ऑफिस का हेड कांस्टेबल निकला नशा तस्करों का मददगार




**खाकी पर दाग**

**पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए होने वाली हेरोइन तस्करी के मामले में हुआ बड़ा खुलासा**

**श्री गंगानगर।** श्री गंगानगर में पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए होने वाली हेरोइन तस्करी के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय की कॉल डिटेल रिकॉर्ड सेल में तैनात हेड कॉन्स्टेबल मंगतराम पर तस्करों की मदद करने और पुलिस टीम को गुमराह करने के आरोप लगे हैं। मामले में उसे निलंबित कर विभागीय जांच शुरू कर दी गई है।

जानकारी के अनुसार 26 मार्च को रावला थाना क्षेत्र के चक 7-8 एसकेएम की रोही में पाकिस्तानी ड्रोन से गिराई गई 10 किलो 830 ग्राम हेरोइन बरामद की गई थी। इस मामले में जिला पुलिस और सीआईडी की संयुक्त टीम ने हरमेश, रणजीत सिंह, सोनू सिंह, गुरप्रीत सिंह और कीर्तन सिंह को गिरफ्तार किया था।

# ऑपरेशन सिंदूर को लेकर कांग्रेस का सरकार पर हमला

## ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर बोले जयराम रमेश - पाकिस्तान का कुछ नहीं बिगड़ा

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। पार्टी ने कहा कि भारत की कूटनीतिक कोशिशों के बावजूद पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग-थलग नहीं पड़ा, जैसा कि 2008 के मुंबई आतंकी हमले के बाद हुआ था। कांग्रेस ने यह भी आरोप लगाया कि इसके उलट अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसीम मुनीर का गर्मजोशी से स्वागत किया है।

**जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि ट्रंप के युद्ध विराम के दावे का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार भी खंडन नहीं किया**



**ट्रंप ने किया था युद्धविराम का दावा :** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को रोकने वाले युद्धविराम की पहली घोषणा 10 मई 2025 को शाम 5:37 बजे अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने की थी। उन्होंने दावा किया था कि राष्ट्रपति ट्रंप के हस्तक्षेप से यह संभव हुआ। जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि ट्रंप ने बाद में भी कई बार इस दावे को दोहराया, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कभी इसका खंडन नहीं किया।

कांग्रेस नेता ने कहा कि 30 मई 2025 को सिंगापुर में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने माना था कि भारत को शुरूआती चरण में सामरिक गलतियों के कारण नुकसान उठाना पड़ा। हालांकि बाद में रणनीति में सुधार कर भारतीय सेना ने पाकिस्तान के भीतर सटीक हमले किए। जयराम रमेश ने यह भी कहा कि 10 जून 2025 को जकार्ता में भारतीय दूतावास के रक्षा अटैची ने स्वीकार किया था कि 7 मई 2025 को राजनीतिक नेतृत्व की ओर से लगाए गए प्रतिबंधों के कारण भारत को कुछ लड़ाकू विमान गंवाने पड़े।

# लखनऊ में अंतरराष्ट्रीय ड्रग रैकेट का पर्दाफाश, 5 तस्कर गिरफ्तार

**गांजा तस्करी**

**बैंकॉक से लखनऊ पहुंचा 2.76 करोड़ का 'ऑर्गेनिक गांजा' बरामद**



**लखनऊ।** थाईलैंड के बैंकॉक से फ्लाइट के जरिये ऑर्गेनिक गांजे की तस्करी करने के पांच आरोपियों को मंगलवार रात हुसैनगंज पुलिस ने चारबाग के पास गिरफ्तार किया। पकड़ा गया एक आरोपी मंगलवार सुबह ही बैंकॉक से गांजा लेकर लखनऊ आया था। इसकी कीमत 2.76 करोड़ रुपये बताई गई है।

एसीपी हजरतगंज विकास जायसवाल ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर यह कार्रवाई हुई। आरोपियों को चारबाग स्थित बाल विद्या मंदिर के पास एसयूवी में पकड़ा गया। उनकी पहचान गोरखपुर बासगंज मऊ खुर्द निवासी प्रियांशु तिवारी, गोरखपुर गोला लाही द्वाड़ी निवासी राहुल शर्मा, गुजरात निवासी बृजेश राठौर, कोलकाता निवासी रविकांत और

गोरखपुर कुरबा बाजार लाजुनपुर निवासी दीपक त्यागी के रूप में हुई। तलाशी में उनके पास 2 किलो 700 ग्राम ऑर्गेनिक गांजा, पांच किलो गांजा और आठ मोबाइल फोन मिले। दिल्ली ले जाने की फिराक में थे एसओ हुसैनगंज शिवमंगल सिंह ने बताया कि आरोपी रविकांत बैंकॉक में रहता है। वह चार मई को लखनऊ फ्लाइट से पहुंचा। उसने बैंकॉक में ही साथी बृजेश राठौर को गांजा लखनऊ लाने के लिए दिया था।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हमारा जीडीए से सम्बंधित भूखंड संख्या सी -119, मधुबन बापूधाम गाजियाबाद का ओरिजनल रिजर्वेशन लेटर कम पेमेंट सडयूल व नम्बरिंग पत्र वास्तव में कहीं खो गये हैं । मिलने पर सूचित करें ।

राजेन्द्र कुमार पुत्र श्री रामबृक्ष राम
निवासी मकान नम्बर - 568 ख/214, गीतापल्ली, आलमबाग, लखनऊ उ.प्रदेश

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हमारा जीडीए से सम्बंधित भूखंड संख्या बी -76, मधुबन बापूधाम गाजियाबाद का ओरिजनल नम्बरिंग पत्र वास्तव में कहीं खो गया हैं । मिलने पर सूचित करें ।

राकेश कुमार
पुत्र श्री मदन सिंह
निवासी ग्राम व पोस्ट- सदरपुर गाजियाबाद

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हमारा जीडीए से सम्बंधित भूखंड संख्या बी-778, मधुबन बापूधाम गाजियाबाद का ओरिजनल नम्बरिंग पत्र ( बिजेंदर सिंह के नाम) वास्तव में कहीं खो गया हैं । मिलने पर सूचित करें ।

अजीत कुमार
पुत्र श्री विजेंद्र सिंह
निवासी एस.ई. - 99, शास्त्री नगर गाजियाबाद

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। शुक्रवार 08 मई -2026 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




## नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक पर चल रहा है टलने वाला ग्रहण

# कब होगा बजट स्वीकार और कब आयेगी वार्ड में विकास की बहार




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक सबसे अहम मानी जाती है। कार्यकारिणी का कद निगम में बड़ा होता है। ये माना जाता है कि विकास का सबसे पहला खाका कार्यकारिणी में खिंचता है। कार्यकारिणी में बजट आता है, कार्यकारिणी में प्रस्ताव आते हैं। कार्यकारिणी में प्रस्ताव ही निगम की बोर्ड बैठक में आते हैं। ये कार्यकारिणी है जिसमें 100 में से 12 सदस्य चुने जाते हैं। कार्यकारिणी ही निगम के विकास की रूपरेखा तय करती है। लेकिन नगर निगम में विकास का इंजन माने जाने वाली कार्यकारिणी में इंजन ही खराब पड़ा है।

डिब्बे विकास का इंतजार कर रहे हैं और इंजन की हालत में सुधार नहीं हो रहा है। पार्षद कई बार कार्यकारिणी बैठक की मांग कर चुके हैं। पार्षदों ने एक लैटर भी लिखा। पार्षद नीरज गोयल तो मेयर के घर पर भी होकर आये और कारण भी बताया कि इसलिए मुलाकात नहीं हो सकी। मगर उसके बावजूद भी कार्यकारिणी वाली बैठक का कोई सीन नहीं बन रहा है। पार्षद खामोश हैं और अब तो ये भी कहा जाने लगा है कि इतना कमजोर सदन पहले कभी नहीं देखा गया। जो पार्षद टूर पर जा सकते हैं जो पार्षद जिम कार्बेट टूर का प्लान बना सकते हैं वो पार्षद एकजुट होकर निगम कार्यकारिणी का ऐलान क्यों नहीं ला सकते।

क्या पार्षद वाकई कमजोर चल रहे हैं। क्या वो कार्यकारिणी की बैठक को लेकर जोर नहीं लगा पा रहे हैं। कार्यकारिणी को लेकर कोई चर्चा नहीं है और पार्षदों के टूर प्लान को लेकर चर्चा है। आखिर निगम कार्यकारिणी की बैठक कब होगी। कब ये अभियान परवान चढ़ेगा। पार्षद विरोध भी कर चुके हैं, लैटर भी लिख चुके हैं। लेकिन कार्यकारिणी जैसी महत्वपूर्ण बैठक को लेकर कहीं गंभीरता नजर नहीं आ रही है।

### आज से शुरू हो जायेगा जनगणना का काम



करंट क्राइम। निगम की कार्यकारिणी बैठक होनी है और अब इसके आसार लग भी नही रहे। बैठक पहले ही काफी लेट हो चुकी है। बताते हैं कि आज से जनगणना का काम शुरू होगा। जनगणना के अभियान में कई कर्मचारी लगेंगे और फिर से निगम कार्यकारिणी की बैठक टल जायेगी। सवाल वही है कि कब कार्यकारिणी की बैठक होगी कब प्रस्ताव पास होंगे, कब बोर्ड बैठक होगी और कब विकास हो पायेगा।

### आती है उन पुराने पार्षदों की याद जब सदन में गूंजता था जिंदाबाद

करंट क्राइम। वार्डों में विकास नहीं हो रहा और कहीं फंड की कमी बताई जाती है तो कहीं कुछ और रूल बताये जाते हैं। जिनकी सरकार है वो ही सबसे ज्यादा लाचार नजर आते हैं। विपक्ष बिल्कुल भी आंदोलनकारी मूड में नहीं है। अब इस सदन को देखकर कहा भी जाने लगा है कि पुराने पार्षदों की भी एक बात थी। जब ये सदन जिंदाबाद के नारों से गूंजता था। जब यहां पार्षद खड़े होकर जवाबदेही मांग लेते थे। काश आज सदन में पूर्व पार्षद राजेन्द्र त्यागी होते, पूर्व पार्षद हिमांशु मित्तल, पूर्व पार्षद अनिल स्वामी होते। पूर्व पार्षद हिमांशु लव होते तो निगम का नजारा ही कुछ और होता। एक बैठक भी मौजूदा कार्यकारिणी सदस्य नहीं करवा पा रहे हैं। पार्षद विकास की आवाज तक नहीं उठा पा रहे हैं।

# हाईराइज इमारतों में फायर सिस्टम मिले बंद

## कई भवनों को नोटिस, मॉक ड्रिल में खुली लापरवाही

**सख्ती**

**निकास मार्गों और सुरक्षा व्यवस्थाओं में मिली भारी खामियां**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में विशेष अग्नि सुरक्षा जागरूकता अभियान के दौरान गुरुवार को शहर की कई हाईराइज सोसायटियों, अस्पतालों, शैक्षणिक संस्थानों और व्यावसायिक भवनों में गंभीर लापरवाही सामने आई। निरीक्षण के दौरान कई भवनों में अग्निशमन प्रणालियां बंद या सही तरीके से संचालित नहीं मिलीं, जबकि कई स्थानों पर निकास मार्गों में अवरोध पाए गए। अग्निशमन विभाग ने संबंधित भवन स्वामियों और प्रबंधन को नोटिस जारी करते हुए तत्काल सुधार के निर्देश दिए हैं। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि कमिश्नरेट गाजियाबाद में 01 मई से एक सप्ताह का विशेष अग्नि सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को शहर के विभिन्न हाईराइज भवनों और महत्वपूर्ण परिसरों में मॉक ड्रिल आयोजित की गई।





### राज नगर एक्टेंशन से लेकर इंदिरापुरम तक हुई जांच





करंट क्राइम : आग लगने के हादसों के बाद अब अलर्टनेस बढ़ गई है। सीएफओ ने बताया कि राजनगर एक्सटेंशन स्थित केडब्ल्यू सृष्टि, क्रॉसिंग रिपब्लिक की अरिहंत सोसाइटी और गार्डेनिया स्क्वायर, इंदिरापुरम की शिप्रा सृष्टि व हार्मनी इंफ्रा, वैशाली स्थित सूर्य कनिष्क टॉवर, वसुंधरा के एलआईसी एवं आयकर भवन, मोदीनगर स्थित एसआरएम यूनिवर्सिटी, मुरादनगर के डीआईएमटी लॉ कॉलेज तथा लोनी क्षेत्र के अस्पतालों और नर्सिंग होम में फायर रिस्क निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान फायर टेंडर्स के साथ भवनों में लगे फायर फाइटिंग सिस्टम, स्मोक अलार्म, हाइड्रेंट और निकासी मार्गों की जांच की गई। साथ ही लोगों को आग लगने की स्थिति में सुरक्षित निकासी और अग्निशमन उपकरणों के प्रयोग का प्रशिक्षण दिया गया।

### जल्द जारी होंगे नोटिस



करंट क्राइम : जिन भवनों में अग्नि सुरक्षा मानकों में कमियां मिली हैं, उन्हें नोटिस जारी कर सुधार के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने कहा कि भवन स्वामी सभी अग्निशमन प्रणालियों को ऑटो मोड एवं कार्यशील अवस्था में रखें तथा विद्युत सुरक्षा प्रणाली का नियमित ऑडिट कराएं। उन्होंने कहा कि अग्नि सुरक्षा नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# हाजी खलील प्रकरण से सपा ने झाड़ा पल्ला

## जिलाध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष का संयुक्त पत्र जारी, कहा परिवार से पार्टी का कोई लेना-देना नहीं

**चर्चित प्रकरण**

**वायरल पोस्टरों और चर्चाओं के बीच समाजवादी पार्टी ने दी आधिकारिक सफाई**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** इन दिनों गाजियाबाद के चर्चित हाजी खलील प्रकरण को लेकर समाजवादी पार्टी ने बड़ा और स्पष्ट राजनीतिक संदेश देते हुए सार्वजनिक रूप से अपना पक्ष सामने रखा है। सोशल मीडिया पर लगातार चल रही चर्चाओं, वायरल पोस्टरों और राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप के बीच समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन एडवोकेट तथा महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट ने संयुक्त रूप से आधिकारिक पत्र जारी कर कहा है कि हाजी खलील और उनके परिवार का समाजवादी पार्टी से कोई संबंध नहीं है। जारी पत्र में पार्टी नेतृत्व ने साफ शब्दों में कहा कि जिस प्रकरण को लेकर सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों में चर्चा चल रही है, उसे अनावश्यक रूप से समाजवादी पार्टी से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, जबकि वास्तविकता यह है कि उक्त व्यक्ति न तो वर्तमान में समाजवादी पार्टी का सदस्य है और न ही उसके परिवार का संगठन से कोई लेना-देना है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि हाजी खलील वर्ष 2023 में हुए निकाय चुनाव में बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर वार्ड नंबर 92 कैला भट्टा से चुनाव लड़ चुके हैं। इसके बावजूद कुछ लोग जानबूझकर समाजवादी पार्टी का नाम जोड़कर भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। पार्टी नेताओं ने कहा कि संगठन की छवि धूमिल करने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



### निजी और पारिवारिक मामला बताया




करंट क्राइम : समाजवादी पार्टी के दोनों वरिष्ठ पदाधिकारियों ने अपने पत्र में कहा कि वर्तमान विवाद पूरी तरह निजी और पारिवारिक गतिविधियों से जुड़ा प्रतीत होता है। पार्टी का किसी भी व्यक्ति की व्यक्तिगत गतिविधियों, निजी विवादों अथवा सामाजिक मामलों से कोई सरोकार नहीं है। सपा नेताओं ने यह भी स्पष्ट किया कि पार्टी हमेशा सामाजिक सौहार्द, कानून व्यवस्था और लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ खड़ी रही है। किसी व्यक्ति विशेष के विवाद को पार्टी से जोड़ना राजनीतिक दुर्भावना का हिस्सा माना जा रहा है। जारी पत्र में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की कार्रवाई का भी उल्लेख किया गया है। पार्टी नेताओं ने कहा कि पुलिस प्रशासन पूरे मामले में आवश्यक जांच और कार्रवाई कर रहा है तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार कदम उठाए जा रहे हैं। ऐसे में अफवाहों और भ्रामक सूचनाओं से बचने की आवश्यकता है। बताया जा रहा है कि सोशल मीडिया पर हाजी खलील से जुड़े कुछ पुराने चुनावी पोस्टर और राजनीतिक तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही थीं, जिसके बाद राजनीतिक माहौल गर्मा गया। इन्हीं चर्चाओं के बीच समाजवादी पार्टी ने आधिकारिक पत्र जारी कर खुद को पूरे प्रकरण से अलग बताते हुए अपना रुख स्पष्ट कर दिया।

# जीडीए के ठेकेदार को कर रहे थे परेशान

## मुकदमा दर्ज हो गया भाजपा पार्षद के नाम






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** आमतौर पर विकास कार्य होते हैं तो यहां बाधा भी सरकार के लोग डालते हैं। इनमें कोई जनप्रतिनिधि भी हो सकता है, कोई नेता भी हो सकता है और कोई अन्य व्यक्ति भी हो सकता है। उत्तर प्रदेश सरकार ने कई मामलों में सीधी कार्यवाही की है और संदेश दिया है कि ब्लैकमेलिंग नहीं चलेगी। बीते दिनों जीडीए में एक मुकदमा दर्ज हुआ और अब मामला लोनी क्षेत्र का सामने आया है। यहां विकास कार्य में भाजपा के एक नेता अड़ंगा अड़ा रहे थे, इस मामले की शिकायत अधिकारियों तक पहुंची। बड़ी बात ये है कि पुलिस ने इस मामले में कोई दबाव नहीं माना और पार्षद के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। मामला लोनी थाना क्षेत्र का है और बताया है कि डीएलएफ की एक कॉलोनी से जुड़ा ये मामला है। सूत्र बताते हैं कि यह सरकारी निर्माण में कमीशन मांगने का मामला है और इसमें तीन लोगों के खिलाफ मकदमा दर्ज हुआ है। पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद मुकदमा दर्ज किया है। बताया जाता है कि क्षेत्र में नाला और सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है। बताया जाता है कि पहले दो प्रतिशत कमीशन मांगा गया। जब यह रकम नहीं दी गई तो फर्म को ब्लैकलिस्ट कराने, काम रुकवाने और फर्म को बदनाम करने की धमकी दी गई। बताया जाता है कि इस कार्य को देख रहे ठेकेदार को जीडीए बुलाया गया और वहां बुलाकर भी उनपर दबाव बनाया गया। इसके बाद निर्माण कर रही संस्था ने कॉल डिटेल, व्हॉटसएप और सीसीटीवी फुटेज को साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किया और इस मामले में फिर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 308(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस मामले में एक भाजपा पार्षद को भी आरोपी बनाया गया है और पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। निर्माण कर रही संस्था को ब्लैकमेल करने और धमकी देने के आरोप में ये मुकदमा दर्ज किया गया है। फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY gda गाजियाबाद विकास प्राधिकरण

# साहिबाबाद में 2027 का बिगुल! अजय शर्मा के समर्थन में सोशल मीडिया पर उमड़ा कार्यकर्ताओं का प्यार

## पूर्व महानगर अध्यक्ष के 10 साल पुराने कार्यकाल की यादों के साथ समर्थकों ने उठाई विधानसभा टिकट की मांग, 'इस बार मौका मिलना चाहिए' बना बड़ा संदेश




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष डॉ. अजय शर्मा की एक सोशल मीडिया पोस्ट ने साहिबाबाद विधानसभा की राजनीति में नई हलचल पैदा कर दी है। करीब दस वर्ष पहले भाजपा महानगर अध्यक्ष बनाए जाने की याद साझा करते हुए डॉ. अजय शर्मा ने अपने कार्यकाल और कार्यकर्ताओं के सहयोग का उल्लेख किया। इसके बाद सोशल मीडिया पर उनके समर्थन में जिस तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आईं, उसे राजनीतिक गलियारों में 2027 विधानसभा चुनाव के लिए उनकी मजबूत दावेदारी और शक्ति प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा है। डॉ. अजय शर्मा ने अपनी पोस्ट में लिखा कि उनके महानगर अध्यक्ष कार्यकाल में भाजपा ने ऐतिहासिक सफलताएं हासिल की थीं। महानगर की तीनों विधानसभा सीटों पर भाजपा को जीत मिली, गाजियाबाद में मेयर बना और कई निकायों में पार्टी को बड़ी सफलता मिली। उन्होंने इन उपलब्धियों का श्रेय पार्टी कार्यकर्ताओं और सहयोगियों को दिया।

पोस्ट सामने आने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं, समर्थकों और स्थानीय लोगों ने खुलकर अजय शर्मा के समर्थन में टिप्पणियां करनी शुरू कर दीं। अधिकांश प्रतिक्रियाओं में उन्हें 2027 में साहिबाबाद विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी बनाए जाने की मांग प्रमुखता से दिखाई दी।

एक समर्थक ने लिखा कि 'साहिबाबाद सीट पर बदलाव जरूरी है और अजय शर्मा को मौका मिलना चाहिए।' वहीं दूसरे समर्थक ने उन्हें 'भविष्य का विधायक' बताते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं की पहली पसंद अजय शर्मा हैं। कई लोगों ने लिखा कि उन्होंने संगठन के लिए वर्षों तक मेहनत की है और अब पार्टी को उन्हें विधानसभा चुनाव में मौका देना चाहिए।

कुछ प्रतिक्रियाओं में अजय शर्मा के संगठनात्मक कौशल और कार्यकर्ताओं के प्रति व्यवहार की भी चर्चा हुई। एक कार्यकर्ता ने लिखा कि महानगर अध्यक्ष रहते हुए अजय शर्मा कार्यकर्ताओं की समस्याओं को तुरंत सुनते थे और पुलिस-प्रशासन स्तर तक समाधान कराने में सक्रिय भूमिका निभाते थे। कई समर्थकों ने दावा किया कि उनके नेतृत्व में संगठन मजबूत हुआ और भाजपा को ऐतिहासिक चुनावी सफलताएं मिलीं। दिलचस्प बात यह रही कि समर्थन केवल एक वर्ग तक सीमित नहीं दिखा। सोशल मीडिया पर अलग-अलग समाज और समुदाय के लोगों ने भी अजय शर्मा के पक्ष में टिप्पणियां कीं। कुछ लोगों ने उन्हें 'सभी समाजों में मजबूत पकड़ वाला नेता' बताया तो कई कार्यकर्ताओं ने लिखा कि यदि पार्टी उन्हें उम्मीदवार बनाती है तो साहिबाबाद सीट पर भाजपा को बड़ी जीत मिल सकती है।

कई टिप्पणियों में '2027 मिशन', 'भविष्य के विधायक', 'इस बार मौका मिलना चाहिए' और 'कार्यकर्ताओं की आवाज' जैसे शब्द बार-बार दिखाई दिए। राजनीतिक जानकार इसे केवल सामान्य सोशल मीडिया प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि अजय शर्मा समर्थकों द्वारा माहौल बनाने और संगठन के भीतर उनकी स्वीकार्यता दिखाने की कोशिश के रूप में देख रहे हैं।

भाजपा के अंदरूनी समीकरणों पर नजर रखने वाले लोगों का मानना है कि साहिबाबाद सीट को लेकर अभी से सक्रियता बढ़ने लगी है और डॉ. अजय शर्मा का यह पोस्ट तथा उस पर आए समर्थकों के कमेंट आने वाले समय की राजनीति का संकेत दे रहे हैं। फिलहाल पार्टी स्तर पर उम्मीदवार को लेकर कोई चर्चा सार्वजनिक नहीं है, लेकिन सोशल मीडिया पर उभरा यह समर्थन साहिबाबाद भाजपा की राजनीति में नई चर्चा जरूर छेड़ गया है।

# नदिया पार जाकर भगवा पार्षद के घर चाय पीने का खोला सांसद ने राज

## कहा- मेरे स्व. पिताजी के थे उनसे स्नेह संबंध और मैं उनके निमंत्रण पर गया था नदिया पार

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सियासत वाले चाय भी बिना मतलब नहीं पीते हैं। राजनीति में चाय का एक अर्थ होता है। चाय पर चर्चा होती है, चाय पर कई बातें होती हैं और चाय की मुलाकात का एक अर्थ होता है। नदिया पार के एक वरिष्ठ भाजपाई और निगम पार्षद एक दिन पहले सांसद अतुल गर्ग के घर पर आए।



सूत्र बताते हैं कि सांसद अतुल गर्ग घर पर नहीं थे, उन्हें अपने घर आने में तीन घंटे लग गए। तीन घंटे का समय पार्षद ने अपनी कार में ही बिताया। सांसद के लिये तीन घंटे तक इंतजार करने वाले ये पार्षद उनकी बिरादरी के हैं और सबसे खास बात ये है कि वो नदिया पार में कैबिनेट मंत्री के सबसे करीबी माने जाते हैं। कैबिनेट मंत्री के करीबी पार्षद अगर सांसद के घर के बाहर तीन घंटा इंतजार कर रहे हैं तो फिर राजनीति में इसका अर्थ होता है, कोई कार के स्टेयरिंग को कितना भी इधर-उधर घुमा ले लेकिन बात तो इंतजार पर आकर ही खत्म होती है। ऐसा क्या काम है कि कैबिनेट मंत्री के खास को सांसद का इंतजार करना पड़ रहा है। बड़ी बात ये है कि मुलाकात रंग लाई और अगले दिन सांसद की लोकेशन नदिया पार में कैबिनेट मंत्री के करीबी पार्षद के घर की पाई गई है। पार्षद पहले आये और फिर सांसद गए तो चाय में ऐसा क्या राज है और गर्मी के मौसम में क्यों चाय पर इतना जोर है इसके लिये दैनिक करंट क्राइम में लोकसभा सांसद अतुल गर्ग से बात की। अतुल गर्ग पुराने भाजपाई हैं और मेहमाननवाजी जानते हैं और संबंधों को निभाना जानते हैं। उन्होंने यहां बिना किसी छिपाव के बताया कि जिन पार्षद के यहां मैं गया था उन पार्षद का मेरे पिता पूर्व मेयर स्व. डीसी गर्ग से बहुत स्नेह और आत्मीय रिश्ता रहा है। यहां पर अतुल गर्ग ने इस बात पर भी जोर दिया कि उनका संबंध मेरे पिताजी से रहा है। सांसद ने ये भी स्वीकार किया कि मेरे समाज के सम्मानीय पार्षद कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के करीबी भी हैं। उन्होंने कहा कि जिन पार्षद के घर मैं गया था उनके मेरे पिताजी से पुराने रिश्ते थे। फिर बताया कि मेरे चुनाव में नदिया पार में इन्हीं पार्षद ने पूरी व्यवस्था संभाली थी। सांसद ने स्पष्ट किया कि पुराने संबंध हैं और वो सामान्य रूप से मुझे घर पर निमंत्रण देने आए थे। उनके निमंत्रण को मैंने सहर्ष स्वीकार किया और मैं उनके निमंत्रण पर उनके घर पर चाय पीने गया था। वो निमंत्रण देने आए थे, हम निमंत्रण स्वीकार करते हुए गए थे। सांसद ने इससे आगे की कोई बात से इनकार किया। पुराने रिलेशन की बात दौराई। दैनिक करंट क्राइम ने जब अन्य सूत्रों से तीन घंटे का इंतजार और चाय की मुलाकात का राज टटोला तो पता चला कि किस्से में जीडीए आ गया है। पार्षद जी जीडीए बोर्ड में जाना चाहते हैं। वो चाहते हैं कि अभी मामला दबा-छिपा यानी होर्ड रहे। लेकिन ये कमल वाले हैं हर बात की खबर रखते हैं और चाय के कप में छिपा करंट ये है कि जीडीए बोर्ड की राहें आसान हो सकती हैं अगर सांसद जी की ब्लेसिंग हो जाए।

# बॉयलर फटने से दो मजदूरों की मौत, कई गंभीर रूप से घायल

**गाजियाबाद ,करंट क्राइम :** लिंक रोड थानाक्षेत्र स्थित साहिबाबाद इंडस्ट्रियल एरिया की एक फैक्ट्री में गुरुवार को अचानक बॉयलर फटने से अफरा-तफरी मच गई। हादसे में दो मजदूरों की मौत होने की सूचना है, जबकि कई मजदूर गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। घटना के बाद फैक्ट्री परिसर में चीख-पुकार मच गई और कर्मचारियों ने तत्काल पुलिस व दमकल विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, जबकि मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी की जा रही है।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार बॉयलर में अचानक प्रेशर बढ़ने के कारण विस्फोट हुआ। हादसे के बाद फैक्ट्री में सुरक्षा मानकों को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। पुलिस और संबंधित विभाग मामले की जांच में जुटे हैं तथा फैक्ट्री प्रबंधन से पूछताछ की जा रही है। एसीपी साहिबाबाद अमित सक्सेना का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## संपादकीय

# पंजाब में बढ़ता आतंक

पंजाब में आतंकी तंत्र के फैलते दायरे का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि पिछले वर्ष जुलाई में सुरक्षा एजंसियों ने बब्बर खालसा इंटरनेशनल के तीन आतंकियों को गिरफ्तार किया था। पंजाब में पिछले कुछ समय से आतंकी गतिविधियां जिस तरह से बढ़ रही हैं, वह बड़े खतरे की ओर इशारा करती हैं। बीते दस दिनों के भीतर राज्य में तीन बम धमाकों ने इस चिंता को और गहरा कर दिया है। अब तक की जांच-पड़ताल के निष्कर्षों की जो तस्वीर सामने आई है, उससे इस बात के साफ संकेत मिलते हैं कि उग्रवाद का कठिन दौर झेल चुके इस राज्य में खालिस्तान समर्थक आतंकी तंत्र फिर से सिर उठाने लगा है। जलंधर और अमृतसर में मंगलवार रात हुए दो सिलसिलेवार विस्फोटों ने राज्य की सुरक्षा एजंसियों की सतर्कता और खुफिया चौकसी पर सवाल खड़े कर दिए हैं। इन विस्फोटों की गंभीरता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि दोनों जगह सुरक्षा प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की कोशिश की गई। आतंक के इस तंत्र को लेकर सबसे बड़ी चुनौती यह है कि विभिन्न समूहों से जुड़े ज्यादातर आतंकी किसी आम नागरिक की तरह समाज में घुल-मिलकर रहते हैं, जिससे उनकी पहचान करना मुश्किल होता है। मौका मिलने पर वे अपने आकाओं के निर्देश पर हमला करने के लिए सक्रिय हो जाते हैं। गौरतलब है कि पंजाब के जलंधर में मंगलवार रात करीब आठ बजे सीमा सुरक्षा बल के पंजाब फ्रंटियर के मुख्यालय के बाहर विस्फोट हुआ। इसके बाद दूसरा धमाका रात करीब ग्यारह बजे अमृतसर में सैन्य छावनी के पास हुआ। जलंधर में हुए विस्फोट की जिम्मेदारी प्रतिबंधित संगठन खालिस्तान लिबरेशन आर्मी ने ली है और पुलिस ने भी इसकी पुष्टि की है। इससे पहले पटियाला के शंभू इलाके में 27 अप्रैल को एक मालगाड़ी की पटरी पर विस्फोट हुआ था। पुलिस ने इस सिलसिले में खालिस्तान समर्थक एक आतंकी गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया था। ये घटनाएं खुफिया तंत्र की विफलता और सुरक्षा व्यवस्था में गंभीर खामी की ओर इशारा करती हैं। राज्य पुलिस का मानना है कि इन आतंकी वारदातों के पीछे पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई का हाथ है। सीमा पार से खालिस्तान समर्थक आतंकी समूहों को प्रशिक्षण, विस्फोटक सामग्री और हथियार मुहैया कराए जा रहे हैं। मगर सवाल है कि सुरक्षा एजंसियां इस तरह की गतिविधियों पर नियमित नजर रखने और किसी भी वारदात से पहले ही आतंकियों को धर-दबोचने में नाकाम क्यों हो रही हैं?

भगवंत मान पाकिस्तान को क्यों क्लीन चिट दे रहे? राघव चड्ढा ने पंजाब बम ब्लास्ट पर मुख्यमंत्री से पूछा सवाल पुलिस के मुताबिक, अमृतसर में विस्फोट स्थल पर आईईडी के टुकड़े मिले हैं, जिससे संकेत मिलता है कि यह या तो टाइम बम से किया गया विस्फोट था या फिर रिमोट कंट्रोल से धमाका किया गया। ऐसे में सुरक्षा प्रतिष्ठानों की सुरक्षा को लेकर भी सवाल उठना स्वाभाविक है।

# विदेशी निवेशकों की बिकवाली से शेयर बाजार में गिरावट

## सेंसेक्स 114 अंक टूटा, निफ्टी सपाट बंद



**नई दिल्ली।** विदेशी निवेशकों की बिकवाली के दबाव के बीच घरेलू शेयर बाजार में गुरुवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। पूरे कारोबारी सत्र में उतार-चढ़ाव के बाद प्रमुख बेंचमार्क सूचकांक लाल निशान पर बंद हुए। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 114.00 (0.14%) अंकों की गिरावट के साथ 77,844.52 के स्तर पर बंद हुआ। 50 शेयरों वाला निफ्टी 4.30 (0.02%) अंक टूटकर 24,326.65 पर लगभग सपाट बंद हुआ। लगातार हो रही विदेशी फंड्स की निकासी और बढ़ती भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के कारण निवेशकों ने बेहद सतर्क रुख अपनाया, जिसका असर प्रमुख बेंचमार्क सूचकांकों पर पड़ा।

**आंकड़ों की नजर में बाजार की चाल :** दिनभर के अस्थिर कारोबार के बाद, 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 114 अंक या 0.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ 77,844.52 के स्तर पर बंद हुआ। ट्रेडिंग सत्र के दौरान सेंसेक्स ने 78,384.70 का उच्च और 77,713.21 का निचला स्तर छुआ, जो करीब 671 अंकों के भारी उतार-चढ़ाव को दशार्ता है। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 4.30 अंक या 0.02 प्रतिशत के मामूली नुकसान के साथ 24,326.65 पर बंद हुआ।

### सेक्टर और प्रमुख स्टॉक्स का हाल

**नुकसान वाले शेयर:** हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टेक महिंद्रा, टाइटन, सन फार्मा और आईटीसी जैसे बड़े शेयर प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी ओर, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एनटीपीसी, कोटक महिंद्रा बैंक और टाटा स्टील के शेयरों में खरीदारी दिखी और ये बढ़त के साथ बंद हुए।

### बाजार पर दबाव के मुख्य कारण

बाजार में इस सुस्ती और दबाव की सबसे बड़ी वजह विदेशी संस्थागत निवेशकों की आक्रामक बिकवाली रही है। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी निवेशकों ने सिर्फ बुधवार को ही 5,834.90 करोड़ रुपये मूल्य के इक्विटी शेयर बेचे। लेमन मार्केट्स डेस्क के रिसर्च एनालिस्ट गौरव गर्ग के अनुसार, एफआईआई की निकासी और कमजोर वैश्विक संकेतों ने बाजार पर नकारात्मक असर डाला है। इसके साथ ही भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं ने भी निवेशकों के जोखिम लेने की क्षमता और उनके आत्मविश्वास को सीमित कर दिया है।

# आरबीआई एक्सन के बाद पेटीएम का बड़ा यूटर्न
## एनबीएफसी लाइसेंस लेने की योजना से किया इनकार



**नई दिल्ली।** पेटीएम की पेरेंट कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस ने एनबीएफसी लाइसेंस के लिए आवेदन करने की योजना से इनकार करते हुए साझेदारी मॉडल पर ध्यान केंद्रित करने की बात कही है, जिसके तहत वह वितरण और वसूली संभालेगी। आरबीआई की कार्रवाई के बीच, कंपनी ने मार्च तिमाही में 183 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया और पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर हुई कार्रवाई का उसके कारोबार पर कोई असर नहीं होने का दावा किया।

वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी प्रमुख वन97 कम्युनिकेशंस ने गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) लाइसेंस के लिए आवेदन करने की योजना से इनकार किया है। वन97 कम्युनिकेशंस के पास पेटीएम ब्रांड का स्वामित्व है। कंपनी का चौथी तिमाही का आय संबंधी विवरण देते हुए पेटीएम के अध्यक्ष एवं मुख्य वित्तीय अधिकारी (समूह) मधुर देवड़ा ने बृहस्पतिवार को कहा, हम एनबीएफसी लाइसेंस लेने को लेकर बहुत उत्साहित नहीं हैं। उन्होंने कहा कि पेटीएम की प्राथमिकता दोनों पक्षों के लिए लाभकारी साझेदारी मॉडल की है जिसमें पेटीएम वितरण, प्रौद्योगिकी एवं वसूली का काम संभालता है जबकि उसके प्रतिष्ठित ऋण साझेदार पूंजी, जोखिम एवं चक्रीय उतार-चढ़ाव का प्रबंधन करते हैं। उन्होंने कहा, ह्यह्य हमारे पास भुगतान का बहुत बड़ा बाजार है। यह बाजार बढ़ रहा है और हमारी बाजार हिस्सेदारी भी बढ़ रही है। कम पैठ के साथ मिलकर यह स्थिति अल्प से मध्यम अवधि में बहुत बड़ा अवसर प्रदान करती है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मानदंडों के अनुपालन में विफलता का हवाला देते हुए महीने पेटीएम पेमेंट्स बैंक के खिलाफ कार्रवाई की थी। केंद्रीय बैंक ने कहा कि यह बैंक उसे जारी पेमेंट्स बैंक लाइसेंस की शर्तों का पालन करने में विफल रहा। वन 97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड के स्वामित्व वाले, भारत के अग्रणी भुगतान ऐप पेटीएम ने शुक्रवार को शेयर बाजार को भेजी सूचना में स्पष्ट किया था कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) पर भारतीय रिजर्व बैंक की कार्रवाई का कंपनी पर कोई वित्तीय या व्यावसायिक प्रभाव नहीं पड़ेगा।

# एपल का भारत में बड़ा 'ग्रीन निवेश', रिन्यूएबल एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए लगाएगी 100 करोड़ रुपये



**नई दिल्ली।** अमेरिकी टेक दिग्गज और आईफोन निमार्ता कंपनी एपल ने भारत के स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में एक अहम रणनीतिक कदम उठाया है। अपने व्यापक स्थिरता और कार्बन तटस्थता लक्ष्यों को तेजी से पूरा करने के लिए, कंपनी ने भारत में नवीकरणीय ऊर्जा बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 100 करोड़ रुपये का निवेश करने की आधिकारिक घोषणा की है। यह निवेश भारत में पर्यावरण संरक्षण और ग्रीन सप्लाई चेन को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा प्रयास माना जा रहा है।

पर्यावरण के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता इस निवेश पर प्रतिक्रिया देते हुए, एपल की पर्यावरण और आपूर्ति श्रृंखला नवाचार उपाध्यक्ष, सारा चांडलर ने कहा, एपल में पर्यावरण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता न केवल हमारी जिम्मेदारी है, बल्कि यह पूरी कंपनी और दुनिया भर में नवाचार के लिए एक प्रेरक शक्ति भी है। उन्होंने जोर देकर कहा, हम भारत की स्वच्छ ऊर्जा अर्थव्यवस्था में निवेश करने और देश के बहुमूल्य प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा के अपने प्रयासों का विस्तार करने पर गर्व महसूस कर रहे हैं।

**प्लास्टिक प्रदूषण और हरित उद्यमिता पर जोर :** ऊर्जा बुनियादी ढांचे में सीधे निवेश के अलावा, एपल ने भारत में प्लास्टिक प्रदूषण को कम करने और हरित उद्यमिता को बढ़ावा देने पर केंद्रित नई साझेदारियों का भी ऐलान किया है।

**इंडिया के साथ करार:** एपल ने पारिस्थितिक तंत्र में प्लास्टिक के रिसाव को रोकने और सामग्री पुनर्प्राप्ति में सुधार के लिए इंडिया के साथ हाथ मिलाया है। इस साझेदारी के तहत रिसाइकलिंग और अपशिष्ट प्रबंधन की दिशा में काम किया जाएगा। एक्यूमेन को समर्थन: शुरूआती दौर के ग्रीन एंटरप्राइजेज को आगे बढ़ाने के लिए एपल ने एक्यूमेन के साथ भी साझेदारी की है। इसके जरिए अपशिष्ट प्रबंधन, पुनयोर्जी कृषि और सर्कुलर इकॉनमी सॉल्यूशंस जैसे क्षेत्रों में काम करने वाले छोटे और नए उद्यमियों को अनुदान और मेंटरशिप सपोर्ट प्रदान किया जाएगा।

### लक्ष्य और रणनीतिक फोकस

**2030 कार्बन न्यूट्रल लक्ष्य :** इस पहल का प्राथमिक उद्देश्य भारत में एपल के आपूर्ति श्रृंखला संचालन में नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाना है। इसके जरिए कंपनी साल 2030 तक अपने पूरे वैश्विक पदचिह्न को 100 फीसदी कार्बन न्यूट्रल बनाने के लक्ष्य की ओर मजबूती से आगे बढ़ रही है।

**पहले भी हुई थी साझेदारी :** यह पहली बार नहीं है जब एपल ने ग्रीन एनर्जी के लिए कदम उठाया है। इससे पहले भी, अमेरिका स्थित इस कंपनी ने भारत में अपने कार्यालयों और रिटेल स्टोर्स को 100 प्रतिशत स्वच्छ ऊर्जा से संचालित करने के लिए 'रूफटॉप सोलर प्रोजेक्ट्स' पर क्लीनमैक्स के साथ साझेदारी की थी।

### क्लीनमैक्स के साथ 150 टह क्षमता का निर्माण

एपल ने यह महत्वपूर्ण निवेश भारत की प्रमुख नवीकरणीय ऊर्जा डेवलपर कंपनियों में से एक 'क्लीनमैक्स' के साथ मिलकर करने का फैसला किया है। इस साझेदारी के तहत देशभर में 150 मेगावाट से अधिक की नई नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का निर्माण किया जाएगा। इस नई ऊर्जा क्षमता के प्रभाव का आकलन करते हुए एपल ने बताया कि यह उत्पादित ऊर्जा सालाना लगभग 1.5 लाख भारतीय घरों को बिजली देने के लिए पर्याप्त होगी। कंपनी का विजन यहीं तक सीमित नहीं है, बल्कि आने वाले वर्षों में इस क्षमता को और अधिक बढ़ाने की भी योजना है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- शरीर की सबसे छोटी हड्डी कान की स्टअप (stirrup) हड्डी होती है।
- एक वयस्क मानव में, उसकी हड्डियों का 25% हिस्सा पैरों में होता है।
- Gluteus Maximus मानव शरीर की सबसे बड़ी मांसपेशी है।
- दिमाग दिन से ज्यादा रात में सक्रिय रहता है. इसके पीछे क्या कारण है वैज्ञानिक भी नहीं जानते।
- आईक्यु जितना तेज होता है उतने ही ज्यादा सपने आते हैं.
- इंसान जिसका वजन 70 किलोग्राम है, उसके शरीर के अंदर 0.2 मिलीग्राम सोना भी होता है।
- क्या आप जानते है मानव शरीर की सबसे मजबूत मांसपेशी जबड़े की मांसपेशी होती है।
- आपके शरीर में तीन इंच लंबी धातु कील बनाने के लिए पर्याप्त लोहा हैं।
- मानव शरीर में सबसे मजबूत मांसपेशी जबड़े मांसपेशी होती हैं.
- शरीर का एक हिस्सा ऐसा भी होता है जहा कोई रक्त की आपूर्ति नहीं होती है वह भाग आंख का कॉर्निया होता है. यह हिस्सा हवा से सीधे ऑक्सीजन प्राप्त करता है।

# इंस्टाग्राम का बड़ा एक्शन: लाखों फर्जी अकाउंट हटाए
## बड़े सेलिब्रिटीज के घटे करोड़ों फॉलोअर्स




**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया की दुनिया में इंस्टाग्राम को सबसे लोकप्रिय प्लेटफॉर्म में से एक माना जाता है, जहां लोग अपने फोटो, वीडियो और रील्स के जरिए लाखों लोगों तक पहुंच बनाते हैं। लेकिन जैसे-जैसे इसकी लोकप्रियता बढ़ी है, वैसे-वैसे फर्जी अकाउंट और बॉट्स की समस्या भी बढ़ती गई है। इसी समस्या को खत्म करने के लिए इंस्टाग्राम ने साल 2026 में एक बड़ा कदम उठाया है। कंपनी ने बड़े पैमाने पर एक सफाई अभियान चलाया, जिसमें लाखों ऐसे अकाउंट हटाए गए, जो या तो लंबे समय से इस्तेमाल नहीं हो रहे थे या फिर पूरी तरह से फर्जी और ऑटोमेटेड थे।

पश्चिम एशिया संकट के बीच एमएसएमई और एयरलाइंस को राहत देने के लिए कैबिनेट ने ईसीएलजीएस 5.0 को दी मंजूरी ये भी पढ़ें पश्चिम एशिया संकट के बीच एमएसएमई और एयरलाइंस को राहत देने के लिए कैबिनेट ने ईसीएलजीएस 5.0 को दी मंजूरी इस कार्रवाई के बाद कई बड़े सेलिब्रिटी, इन्फ्लुएंसर और ब्रांड्स के फॉलोअर्स की संख्या में अचानक गिरावट देखने को मिली, जिससे सोशल मीडिया पर हलचल मच गई। इस सफाई अभियान का सबसे बड़ा असर अमेरिकी इन्फ्लुएंसर और एंटरप्रेन्योर काइली जेनर पर पड़ा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उनके इंस्टाग्राम अकाउंट से करीब 14 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स कम हो गए। यह गिरावट इतनी बड़ी थी कि सोशल मीडिया यूजर्स भी हैरान रह गए।

# वैल्यू 360 कम्युनिकेशंस का आईपीओ 1.19 गुना सब्सक्राइब
## 11 मई को एनएसई इमर्ज पर होगी लिस्टिंग




**नई दिल्ली।** पब्लिक रिलेशंस और मार्केटिंग सॉल्यूशंस क्षेत्र की प्रमुख कंपनी वैल्यू 360 कम्युनिकेशंस लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) बुधवार, 6 मई 2026 को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया है। कुल 41.69 करोड़ रुपये के इस एसएमई (एसएमई) इश्यू को निवेशकों की ओर से कुल मिलाकर 1.19 गुना का सब्सक्रिप्शन प्राप्त हुआ है। अब बाजार और निवेशकों की नजरें आगामी सोमवार, 11 मई 2026 को होने वाली कंपनी की बाजार में लिस्टिंग पर टिक गई हैं। इसकी लिस्टिंग एनएसई इमर्ज पर होनी है। यह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का एक विशेष प्लेटफॉर्म है, जिसे विशेष रूप से लघु व मध्यम उद्यमों और स्टार्टअप्स के लिए बनाया गया है।

### इश्यू से जुड़ी अहम जानकारियां

कंपनी ने अपने इस आईपीओ के लिए 95 रुपये से 98 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया था, जिसका फेस वैल्यू 10 रुपये प्रति इक्विटी शेयर है। सब्सक्रिप्शन की प्रक्रिया 4 मई 2026 को शुरू होकर निर्धारित समय-सीमा के अनुसार 6 मई 2026 को समाप्त हो गई।

### कंपनी का कारोबार और रणनीति

साल 2009 में स्थापित वैल्यू 360 कम्युनिकेशंस लिमिटेड एक इंटीग्रेटेड कम्युनिकेशंस और मार्केटिंग सॉल्यूशंस प्रदाता कंपनी है। कंपनी पब्लिक रिलेशंस, डिजिटल मार्केटिंग, इन्फ्लुएंसर मार्केटिंग और रणनीतिक संचार में एंड-टू-एंड सेवाएं प्रदान करती है।

वर्तमान में कंपनी डेटा-संचालित और एआई-पावर्ड मार्केटिंग सॉल्यूशंस देकर विभिन्न उद्योगों के ग्राहकों की जरूरतें पूरी कर रही है।

कंपनी तकनीक, रचनात्मकता और रणनीतिक साझेदारियों द्वारा संचालित एसेट-लाइट विकास पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

इसका मुख्य उद्देश्य डिजिटल-फर्स्ट दुनिया में ब्रांड्स की प्रतिष्ठा बनाना और उनके बिजनेस को बढ़ाना है।

### लिस्टिंग और आगे का आउटलुक

वैल्यू 360 कम्युनिकेशंस लिमिटेड के शेयरों की लिस्टिंग 11 मई 2026 को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के एसएमई प्लेटफॉर्म, 'एनएसई इमर्ज' (एनएसई इमर्ज) पर की जाएगी। ध्यान रहे कि कंपनी द्वारा साझा किए गए सब्सक्रिप्शन के ये आंकड़े नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर उपलब्ध डेटा पर आधारित हैं और अंतिम मिलान के अधीन हैं। बाजार के जानकारों की निगाहें अब सोमवार को होने वाली इसकी लिस्टिंग और बाजार में इसके प्रदर्शन पर रहेंगी।

## राशिफल

**मेष:** मन प्रसन्न रहेगा। धैर्यशीलता में वृद्धि होगी। फिर भी बातचीत में सन्तुलित रहें। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष:** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। कारोबारी कार्यों में कुछ परेशानी आ सकती है। सचेत रहें।

**मिथुन:** मन शान्त तो रहेगा, परन्तु आत्मविश्वास में कमी रहेगी। कारोबार में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

**कर्क:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु मन कुछ परेशान भी हो सकता है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह:** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु मन कुछ परेशान भी हो सकता है। नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी।

**कन्या:** आत्मशिवास भरपूर रहेगा। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। किसी मि मन प्रसन्न रहेगा।

**तुला:** आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**धनु:** मन प्रसन्न रहेगा। वाणी के प्रभाव में वृद्धि होगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से आय के साधन बन सकते हैं।

**मकर:** मन अशान्त रहेगा। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। सम्पत्ति में निवेश एवं भवन सामग्री के कारोबार में लाभ के अवसर मिल सकते हैं।

**कुंभ:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। आलस्य की अधिकता रहेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती हैं।

**मीन:** कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार में वृद्धि तो होगी, परन्तु यथोचित लाभ नहीं होगा। यद्यपि भागदौड़ भी अधिक रहेगी।

## चुटकुले

गोलू- और भाई, क्या हो रहा है?
टिल्लू- क्या बताऊं यार गर्मी इतनी बढ़ गई है कि डोसा वाला मुंह पर डोसा सेंक कर देता है।

---

जज- आपको अपनी सफाई में क्या कहना है?
महिला- अब मैं क्या बोलूं, मेरे यहां सफाई नौकरानी करती है तो इस बारे में तो वही ज्यादा अच्छी तरह बता सकती है।

---

मरीज- डॉक्टर में हर बात तुरंत भूल जाता हूं? कोई दवाई दीजिए !
डॉक्टर -एक काम करो, पहले आप मुझे फीस दे दो, कहीं तुम दवाई लेने के बाद मेरी फीस भी भूल गए तो।

---

बाप : नालायक तू फेल कैसे हो गया?
बेटा : पेपर में मास्टरजी ने सवाल ही ऐसे दिए थे, जो मैंने कभी सुने ही नहीं थे.
बाप : तो तूने जवाब कैसे-कैसे लिखे?
बेटा : मैं भी होशियार ठहरा... मैं भी ऐसे उत्तर लिख आया, जो कभी मास्टर ने भी नहीं सुने।

# 08 05 2026 करंट क्राइम
## जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
### सेलेब्रिटी जन्मदिन
## आज के जन्मदिन


ऐश्वर्या मेनन (अभिनेत्री)


अनुराग गर्ग (व्यवसायी)


अतुल त्यागी (आरडब्ल्यूए अध्यक्ष)


पवन गोयल
वरिष्ठ भाजपा नेता


दिव्या राजपूत


साक्षी प्रजापति


धर्म शीला सिंह


श्री भगवान अग्रवाल


अमरीश त्यागी


विनोद बंसल



मोहित


अंशुमन मिश्रा


मुकेश राघव


सोनू प्रजापति


संदीप डबास


राजकुमार राणा


ललित जोशी


मुफीद आलम

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# IPL 2026 ने बदली टी-20 की परिभाषा



## अब 200+ का लक्ष्य भी सुरक्षित नहीं

### पावरप्ले ने बदल दिया पूरा खेल

बड़े रन चेज की सबसे बड़ी वजह पावरप्ले में विस्फोटक बल्लेबाजी रही है। ईएसपीएन क्रिकइनफो के आंकड़ों के मुताबिक, 200+ लक्ष्य का पीछा करने वाली टीमों का इस सीजन पहले छह ओवर में रनरेट 11.78 रहा है। जो 12 सफल रन चेज हुए, उनमें पावरप्ले रनरेट 13.81 तक पहुंच गया। यानी शुरूआत में ही मैच का दबाव खत्म कर दिया गया। औसतन टीमें सिर्फ छह ओवर में लक्ष्य का 37 प्रतिशत से ज्यादा रन बना रही हैं।

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 पूरी तरह बल्लेबाजों का सीजन बन चुका है। 200+ स्कोर अब सुरक्षित नहीं रहे और 220+ लक्ष्य भी आसानी से चेज हो रहे हैं। पावरप्ले की आक्रामक बल्लेबाजी, लंबी बैटिंग लाइनअप और निडर मानसिकता ने पूरे खेल का संतुलन बदल दिया है। इस सीजन ने साबित कर दिया है कि अब टी20 क्रिकेट में 200 रन सिर्फ शुरूआत है, जीत की गारंटी नहीं।

आईपीएल 2026 का सीजन बल्लेबाजों के नाम रहा है। इस बार 200+ स्कोर बनाना आम बात हो गई है, लेकिन सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इतने बड़े लक्ष्य भी अब सुरक्षित नहीं रहे। पहले जहां 200 रन बनते ही टीम आधी जीत मान लेती थी, वहीं अब विरोधी टीम उसे आसानी से हासिल कर रही है। पावरप्ले की आक्रामक बल्लेबाजी, गहराई तक फैली बैटिंग लाइनअप और निडर सोच ने आईपीएल 2026 को रिकॉर्डतोड़ बना दिया है।

### 48 मैचों में 39 बार बने 200+ स्कोर

आईपीएल 2026 के शुरूआती 48 मुकाबलों में टीमों ने 39 बार 200 या उससे ज्यादा स्कोर बनाया है। यह पिछले सीजन के इसी चरण से 12 ज्यादा है। आईपीेल 2025 भी हाई-स्कोरिंग सीजन माना गया था, लेकिन 2026 ने उसे भी पीछे छोड़ दिया। इससे साफ है कि अब बल्लेबाज शुरूआत से ही हमला कर रहे हैं और गेंदबाजों के पास वापसी का मौका कम मिल रहा है। हम आपको जो आंकड़े ग्राफिक्स में बता रहे हैं, वो इस सीजन के 48वें मैच (दिल्ली ५२ चेन्नई मैच) तक के ही हैं।


### 200+ लक्ष्य अब आसानी से हो रहे चेज

सबसे बड़ा बदलाव रन चेज में दिखा है। इस सीजन 200 या उससे ज्यादा लक्ष्य का पीछा करते हुए टीमों ने 23 मैच खेले, जिसमें 12 बार जीत मिली और 11 बार हार। यानी 200+ स्कोर अब जीत की गारंटी नहीं रहा। पिछले सीजन यही रिकॉर्ड चार जीत और 13 हार का था। पूरे आईपीएल 2025 में भी सिर्फ नौ बार 200+ लक्ष्य सफलतापूर्वक चेज हुए थे।

### 220+ स्कोर भी नहीं बचा पा रहे टीमों को

पहले 220 रन बनाना लगभग मैच खत्म करने जैसा माना जाता था, लेकिन आईपीएल 2026 में यह आंकड़ा भी सुरक्षित नहीं है। इस सीजन 220+ स्कोर वाले 13 मुकाबलों में दूसरी बल्लेबाजी करने वाली टीम आठ बार जीत चुकी है। तुलना करें तो आईपीएल 2025 में 220+ लक्ष्य का पीछा करने वाली टीमों का रिकॉर्ड सिर्फ दो जीत और 13 हार था।

# डेम्बेले के गोल से चैंपियंस लीग के फाइनल में पहुंची PSG, खिताबी मुकाबले में आर्सेनल से टक्कर



**लंदन।** अब फाइनल में पीएसजी का सामना आर्सेनल से होगा। यह मुकाबला 30 मई को रात साढ़े नौ बजे से पुस्कस अरीना में खेला जाएगा। आर्सेनल ने एटलैटिको मैड्रिड को एग्रीगेट में 2-1 से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी।

ओस्मान डेम्बेले के गोल की मदद से पेरिस सेंट-जर्मेन ने अपने चैंपियंस लीग खिताब का बचाव करने के आखिरी मोड़ पर पहुंच गई है। डिफेंडिंग चैंपियन ने म्यूनिख के एलियांज एरिना में सेमीफाइनल मुकाबले के दूसरे लेग में एफसी बायर्न के खिलाफ मुकाबला 1-1 से ड्रॉ खेला और एग्रीगेट पर 6-5 से जीत हासिल की। अब फाइनल में पीएसजी का सामना आर्सेनल से होगा।आर्सेनल ने एटलैटिको मैड्रिड को एग्रीगेट में 2-1 से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। चैंपियंस लीग के नॉकआउट राउंड में टीमें आपस में दो मैच खेलती हैं। एक होम ग्राउंड पर और एक विपक्षी टीम के होम ग्राउंड पर। दोनों को मिलाकर हुए गोल को एग्रीगेट कहा जाता है।

### पीएसजी ने बायर्न म्यूनिख को हराया

लुइस एनरिक की टीम, जिसने पिछले सीजन के फाइनल में इंटर के खिलाफ आक्रामक प्रदर्शन के साथ चैंपियंस लीग का खिताब जीता था, ने वहीं से शुरूआत की जहां एक साल पहले छोड़ा था और इस मुकाबले में सिर्फ दो मिनट में ही अपनी बढ़त बना ली। पीएसजी के लिए ओस्मान डेम्बेले ने गोल किया। डेम्बेले ने ख्विचा क्वारात्सखेलिया के सटीक पास को गोल में बदल दिया। मेजबान टीम ने मैच में वापसी की कोशिश की, लेकिन बायर्न म्यूनिख के गोलकीपर मैनुअल न्यूएर ने शानदार बचाव किए। उन्होंने जोआओ नेवेस के हेडर को गोल में जाने से रोक दिया।

### दूसरे हाफ में पीएसजी ने दिखाया आक्रामक खेल

पहले हाफ के आखिर में बायर्न ने अच्छा खेल दिखाया। जमाल मुसियाला के दमदार शॉट को पीएसजी के गोलकीपर माटवेई साफोनोव ने रोक लिया। इसके बाद मुसियाला का एक और शॉट थोड़ा ऊपर निकल गया। दूसरे हाफ की शुरूआत में पेरिस की टीम ने लगातार हमला किया। डिजायर डू और ख्वीचा क्वारात्सखेलिया के शॉट्स पर भी न्यूएर ने बेहतरीन बचाव किया।

# किस तरह हैदराबाद ने प्रियांश आर्या को रोकने के लिए बनाई थी खास रणनीति



**हैदराबाद।** पंजाब किंग्स के सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्या शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। लेकिन सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ वह सस्ते में आउट हुए। अब हैदराबाद के सहायक कोच जेम्स फ्रैंकलिन ने बताया है किस तरह रणनीति के तहत उन्हें जल्द आउट किया गया।

सनराइजर्स हैदराबाद के सहायक कोच जेम्स फ्रैंकलिन ने खुलासा करते हुए बताया है कि किस तरह टीम ने रणनीति के तहत पंजाब किंग्स के विस्फोटक सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्या को रोकने की रणनीति बनाई थी। प्रियांश इस सीजन पंजाब के लिए दमदार बल्लेबाजी कर रहे हैं, लेकिन वह सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ वह एक रन बनाकर ही आउट हो गए थे।

सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने बुधवार को राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में पंजाब किंग्स को 33 रन से हराकर अंक तालिका में पहला स्थान हासिल कर लिया। एसआरएच के सहायक कोच जेम्स फ्रैंकलिन इस जीत का श्रेय कप्तान पैट कमिंस की तकनीकी समझ और गेंदबाजी के लिए उनके द्वारा बनाई रणनीति को दिया। पंजाब किंग्स के सबसे खतरनाक बल्लेबाज प्रियांश आर्या को कमिंस ने पहले ओवर में ही आउट कर दिया। इसे फ्रैंकलिन ने इसे कमिंस की सोची समझी रणनीति बताया।

**फ्रैंकलिन ने कमिंस को दिया श्रेय:** फ्रैंकलिन ने कहा, मुझे लगता है कि योजना पहले से बनी थी। हमारे गेंदबाज गेंदबाजी कोच वरुण आरोन के साथ मैच से पहले बहुत काम करते हैं। मुझे लगता है कि कभी-कभी आपको जरूरी नहीं कि वैसी ही गेंद फेंकनी पड़े जैसी शायद फील्ड उम्मीद कर रही हो। हमने पहले भी ऐसी गेंद देखी थी। उसने उसी तरह की लाइन पर काफी अच्छे बाउंस के साथ गेंदबाजी की और मौका बनाया। हमारे सभी गेंदबाज अच्छी तरह से जानते हैं कि कमिंस प्रियांश को चकमा देने और मौका बनाने में कामयाब रहे। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि हमें अपने बल्लेबाजों से पहली पारी में मिले फीडबैक से योजना बनाने में आसानी हुई। जैसे-जैसे पारी बढ़ी, उन्हें लगा कि पिच काफी धीमी हो रही है। उन्होंने पाया कि जब पंजाब के गेंदबाज विकेट पर तेज कटर डाल रहे थे, तो हिट करना थोड़ा मुश्किल हो रहा था। यह वह फीडबैक था जो हमारे गेंदबाजी ग्रुप को मिला।

# डेविड वॉर्नर के शराब पीकर गाड़ी चलाने का मामला, अदालत में अगली सुनवाई 24 जून को होगी

**सिडनी।** वॉर्नर के वकील ने कहा कि क्रिकेटर अपनी गलती मानते हैं और उन्हें इस फैसले पर पछतावा है।वकील के अनुसार, वॉर्नर किसी भी आम नागरिक की तरह कानूनी प्रक्रिया का सामना करेंगे और उन्हें सजा मिलने की भी उम्मीद है।

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर डेविड वॉर्नर पर शराब पीकर गाड़ी चलाने का आरोप लगा है। रैंडम ब्रेथ टेस्ट में उनका अल्कोहल लेवल कानूनी सीमा से दोगुने से ज्यादा पाया गया। मामला पांच अप्रैल का है, जब सिडनी के पूर्वी इलाके में पुलिस ने रोडसाइड जांच के दौरान उन्हें रोका था। गुरुवार को वेवर्ली स्थानीय अदालत में इस मामले की पहली सुनवाई हुई। उनके वकील, बॉबी हिल, ने अदालत को बताया कि पुलिस को कुछ रिप्रेजेंटेशन दिए गए हैं और उन पर जवाब आने तक मामले को आगे बढ़ाने की मांग की गई है।

# आईपीएल प्लेऑफ नहीं खेलेंगे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी

## इस महीने के अंत में पाकिस्तान का करना है दौरा, शेड्यूल जारी



**नई दिल्ली।** आईपीएल टूर्नामेंट के बीच पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज का शेड्यूल जारी किया है। यह सीरीज मई के अंत में और जून की शुरूआत में खेली जाएगी। अब सवाल उठ रहे हैं कि क्या इस सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी वापस लौट जाएंगे?

ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम 23 मई को तीन वनडे मैचों की सीरीज के लिए पाकिस्तान पहुंचेगी। आईपीएल टूनामेंट के बीच पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने गुरुवार को इसकी पुष्टि की। पीसीबी के मुताबिक ऑस्ट्रेलियाई टीम 23 मई को इस्लामाबाद पहुंचेगी। उस वक्त आईपीएल लीग स्टेज अपने अंजाम पर होगा, जबकि प्लेऑफ स्टेज चालू होने वाला होगा।

**कब है पाकिस्तान-ऑस्ट्रेलिया सीरीज**

आईपीएल का आखिरी लीग मैच 24 मई को खेला जाएगा। इसके बाद 26 मई से प्लेऑफ स्टेज की शुरूआत होगी। वहीं, पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के बीच वनडे सीरीज का पहला मुकाबला 30 मई को रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। दो और चार जून को दूसरा और तीसरा मुकाबला लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेला जाएगा। तीनों मैच स्थानीय समय के अनुसार शाम साढ़े चार बजे शुरू होंगे। टॉस शाम चार बजे होगा। यानी पाकिस्तान-ऑस्ट्रेलिया सीरीज आईपीएल 2026 के प्लेऑफ शेड्यूल से टकराएगी।

**आईपीएल बीच में नहीं छोड़ेंगे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी**

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (उअ) के क्रिकबज को बताया है कि वह अपने खिलाड़ियों को पाकिस्तान में होने वाली वनडे सीरीज के कारण आईपीएल बीच में छोड़ने के लिए मजबूर नहीं करेगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के प्रवक्ता ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी आईपीएल में बने रहेंगे और अपनी सभी प्रतिबद्धताएं पूरी करेंगे। फिलहाल करीब एक दर्जन ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी आईपीएल में खेल रहे हैं। इनमें ऑस्ट्रेलिया के नियमित वनडे कप्तान पैट कमिंस और मिचेल मार्श शामिल हैं। भारत में मौजूद अन्य ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों में ट्रेविस हेड, टिम डेविड, जोश हेजलवुड, जेवियर बार्टलेट, कूपर कोनोली, मार्कस स्टोइनिस, जोश इंग्लिस, कैमरून ग्रीन, मिचेल स्टार्क और मैथ्यू शॉर्ट जैसे बड़े नाम शामिल हैं।

**ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी कमिटमेंट का सम्मान करेंगे**

क्रिकबज ने प्लेऑफ में पहुंचने के लिए पसंदीदा मानी जा रही सनराइजर्स हैदराबाद और पंजाब किंग्स की टीमों से भी संपर्क किया। दोनों फ्रेंचाइजियों के अधिकारियों ने पुष्टि की कि उनके सभी खिलाड़ी, जिनमें ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी भी शामिल हैं, अपने अनुबंध का पूरी तरह सम्मान करेंगे और सीजन के बीच में टीम नहीं छोड़ेंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने भी अभी तक पाकिस्तान दौरे के लिए टीम का चयन नहीं किया है। ऐसी भी संभावना है कि चयन इस तरह किया जाए कि खिलाड़ियों की आईपीएल प्रतिबद्धताओं से टकराव न हो।

# AFC ने महिला फुटबॉल अधिकारी समेत एक खिलाड़ी पर लगाया प्रतिबंध



**नई दिल्ली।** एशियन फुटबॉल कन्फेडरेशन (एएफसी) ने मंगोलिया की एक महिला मैच अधिकारी और एक खिलाड़ी पर सख्त कार्रवाई करते हुए प्रतिबंध लगा दिया है।

एशियन फुटबॉल कन्फेडरेशन (एएफसी) ने मंगोलिया की एक महिला मैच अधिकारी और एक खिलाड़ी पर सख्त कार्रवाई करते हुए प्रतिबंध लगा दिया है, जिन्हें एएफसी विमेंस चैंपियंस लीग 2025/26 (प्रारंभिक चरण) के एक मैच के नतीजे में हेरफेर की कोशिश करते पाया गया। बैन लगाने का यह फैसला एएफसी की अनुशासन और नैतिकता समिति ने लिया, जिसकी घोषणा बुधवार को हुई।

एएफसी ने बुधवार को एक प्रेस रिलीज में बताया, 'विस्तृत जांच के बाद, एएफसी की अनुशासन और नैतिकता समिति ने मैच में हेरफेर की कोशिश के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए मंगोलियाई फुटबॉल अधिकारी मुंखत्सेत्सेग बातखू और खिलाड़ी नामूना नारमंदख पर फुटबॉल से जुड़ी सभी गतिविधियों में हिस्सा लेने पर क्रमशः 10 और 5 साल का प्रतिबंध लगा दिया है।'

रिपोर्ट में कहा गया है कि दोनों को 25 अगस्त, 2025 को स्टैलियन लगुना एफसी (पीएचआई) और खोवद वेस्टर्न एफसी (एमएनजी) के बीच खेले गए एएफसी विमेंस चैंपियंस लीग 2025/26 (प्रारंभिक चरण) के मुकाबले के नतीजे में हेरफेर करने की साजिश रचने का दोषी पाया गया।

# तीरंदाजी कोच पागिनी कोरिया से जुड़े



**नई दिल्ली।** सूत्र बताते हैं कि 1999 के विश्व चैंपियन और 2003 के उपविजेता कजिंस भारतीय कंपाउंड टीम के कोच के लिए इंटरव्यू भी दे चुके हैं। उनके अनुबंध पर अंतिम फैसला होना बाकी है।

एशियाई खेल सिर पर हैं और भारतीय तीरंदाजों के लिए विदेशी कोच का अनुबंध मुसीबत बनता जा रहा है। कुछ माह पूर्व तक यह तय था कि इटली के जाने-माने कोच सर्गियो पागिनी भारतीय कंपाउंड तीरंदाजों को कोचिंग देंगे। उनका अनुबंध सिरे चढ़ने जा रहा था, लेकिन भारतीय टीम के पूर्व कोच रहे पागिनी को तीरंदाजी के मजबूत देश कोरिया से भारत के मुकाबले अधिक वेतन में प्रस्ताव मिल गया। पागिनी ने भारतीय तीरंदाजों को दरकिनार कर कोरियाई टीम का दामन थाम लिया।

अब 2028 के लॉस एंजिलिस ओलंपिक में शामिल की गई कंपाउंड तीरंदाजी के लिए पूर्व विश्व चैंपियन अमेरिकी तीरंदाज डेव कजिंस पर दांव लगाया गया है। कजिंस को अच्छे वेतन पर रखने की तैयारी कर ली गई है, लेकिन उनके अनुबंध पर तीरंदाजी के कुछ लोगों में रोष है।

### कजिंस के कोचिंग अनुभव पर है संशय

सूत्र बताते हैं कि 1999 के विश्व चैंपियन और 2003 के उपविजेता कजिंस भारतीय कंपाउंड टीम के कोच के लिए इंटरव्यू भी दे चुके हैं। उनके अनुबंध पर अंतिम फैसला होना बाकी है। सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो कजिंस जल्द कंपाउंड तीरंदाजी टीम के कोच होंगे। हालांकि सूत्र बताते हैं कि कजिंस एक अच्छे कंपाउंड तीरंदाज तो रहे हैं, लेकिन उनके पास कोचिंग का बड़ा अनुभव नहीं है, जबकि भारतीय कंपाउंड तीरंदाज इस वक्त दुनिया के शीर्ष तीरंदाजों में शामिल हैं। कजिंस फीटा राउंड का विश्व रिकॉर्ड भी बना चुके हैं।

### एक साल बीता पर रिकर्व कोच भी नहीं आया

दिक्कत कंपाउंड विदेशी कोच की नहीं बल्कि रिकर्व कोच की भी है। बीते वर्ष अप्रैल में कोरियाई मूल के अमेरिकी कोच की सिकली को 20 हजार अमेरिकी डॉलर के भारी-भरकम वेतन पर अनुबंधित करने की तैयारी की गई थी। उन्हें इस वर्ष जनवरी में अनुबंध भी दिया गया, लेकिन वह शर्तों से खुश नजर नहीं आए।

# धोनी-रोहित के क्लब में एंट्री से एक कदम दूर भुवनेश्वर कुमार, कोहली ने तारीफों के बांधे पुल

### आईपीएल में 200 मैच खेलने वाले खिलाड़ी

| खिलाड़ी | मैच |
|---|---|
| महेंद्र सिंह धोनी | 278 |
| रोहित शर्मा | 277 |
| विराट कोहली | 276 |
| रवींद्र जडेजा | 264 |
| दिनेश कार्तिक | 257 |
| शिखर धवन | 222 |
| रविचंद्रन अश्विन | 221 |
| अजिंक्य रहाणे | 207 |
| सुरेश रैना | 205 |
| रॉबिन उथप्पा | 205 |
| अंबाती रायुडू | 204 |
| भुवनेश्वर कुमार | 199 |

**लखनऊ।** लखनऊ के खिलाफ गुरुवार को खेले जाने वाले आईपीएल मुकाबले में आरसीबी के गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार बड़ी उपलब्धि हासिल कर लेंगे। वह आईपीएल में 200 मैचों का आंकड़ा पूरा कर लेंगे। इस उपलब्धि के लिए विराट कोहली ने उन्हें बधाई दी है।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के घातक गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार गुरुवार को लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ मुकाबले में बड़ी उपलब्धि हासिल कर लेंगे। इस मैच में उतरते ही किंग कोहली आईपीएल में 200 मैच खेलने वाले 12वें खिलाड़ी बन जाएंगे। आरसीबी के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने उनकी तारीफों के पुल बांधे हैं।



### दोहरे शतक से सिर्फ एक कदम दूर भुवनेश्वर कुमार

आज आईपीएल का 50वां मुकाबला लखनऊ और आरसीबी के बीच इकाना स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मैच में भुवनेश्वर कुमार बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लेंगे। वह धोनी और रोहित शर्मा के क्लब में शामिल होने से महज एक मैच दूर हैं। दरअसल, आईपीएल में सबसे ज्यादा मुकाबले खेलने का रिकॉर्ड अभी तक महेंद्र सिंह धोनी के नाम है, जिन्होंने 278 मुकाबले खेले हैं। वहीं, रोहित शर्मा 277 मैचों के साथ दूसरे जबकि विराट कोहली 276 मुकाबलों के साथ तीसरे पायदान पर हैं। भुवनेश्वर भी दोहरा शतक लगाने से महज एक मैच दूर हैं।

**भुवी का प्रदर्शन**

भुवनेश्वर ने अब तक खेले 199 आईपीएल मैचों में 7.68 के इकोनॉमी रेट से गेंदबाजी करते हुए 215 विकेट लिए हैं। इसमें दो बार पांच विकेट और दो बार चार विकेट लेने का कारनामा भी शामिल है, और उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन 5/19 रहा है। गुरुवार को वह इकाना क्रिकेट स्टेडियम में लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ अपना 200वां आईपीएल मैच खेलेंगे।

इस उपलब्धि से पहले आरसीबी के पूर्व कप्तान विराट कोहली, गेंदबाज जोश हेजलवुड और कोच एंडी फ्लावर ने उनकी तारीफ की है। आरसीबी की तरफ से जारी किए गए वीडियो में कोहली ने भुवनेश्वर को टूनामेंट के सबसे बेहतरीन गेंदबाजों में से एक बताया। कोहली ने कहा, '200 मैच खेलना, खासकर एक तेज गेंदबाज के तौर पर, एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। मुझे पता है कि यह टी20 क्रिकेट है, लेकिन इससे उनकी लंबी पारी का पता चलता है, और उन्होंने इन सभी वर्षों में बहुत क्रिकेट खेला है।

# प्लेऑफ की लड़ाई में अब हर मैच निर्णायक! पूरा समीकरण



**हैदराबाद।** आईपीएल 2026 के प्लेऑफ के लिए जंग अब बेहद रोमांचक मोड़ पर है। इस बार टॉप-4 की लड़ाई बेहद कड़ी है, क्योंकि अभी तक कोई भी टीम पूरी तरह से टूनार्मेंट से बाहर नहीं हुई है। ऐसे में आने वाले मुकाबले हर टीम के लिए 'करो या मरो' जैसे साबित होने वाले हैं।

सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) आईपीएल 2026 की अंकतालिका में पहले स्थान पर पहुंच गई है। बुधवार को राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में एसआरएच ने पंजाब किंग्स को हराकर और उसे दूसरे स्थान पर ढकेलते हुए पहला स्थान हासिल किया। एसआरएच ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में चार विकेट पर 235 रन बनाए थे। पंजाब किंग्स 20 ओवर में सात विकेट पर 202 रन बना सकी और 33 रन से मैच हार गई। आइए देखते हैं कि एसआरएच - पंजाब किंग्स मैच के बाद अंकतालिका में कौन सी टीम किस स्थान पर है और किस टीम को कितनी जीत जरूरी है।

## अब किस टीम को कितनी जीत जरूरी

| टीम | मैच | जीत | हार | बेनतीजा | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| सनराइजर्स हैदराबाद (SRH) | 11 | 7 | 4 | 0 | 14 | +0.737 |
| पंजाब किंग्स (PBKS) 10 | 6 | 3 | 1 | 13 | +0.571 | |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) | 9 | 6 | 3 | 0 | 12 | +1.420 |
| राजस्थान रॉयल्स (RR) | 10 | 6 | 4 | 0 | 12 | +0.510 |
| गुजरात टाइटंस (GT) | 10 | 6 | 4 | 0 | 12 | -0.147 |
| चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) | 10 | 5 | 5 | 0 | 10 | +0.151 |
| दिल्ली कैपिटल्स (DC) | 10 | 4 | 6 | 0 | 8 | -0.949 |
| कोलकाता नाइट राइडर्स (KKR) | 9 | 3 | 5 | 1 | 7 | -0.539 |
| मुंबई इंडियंस (MI) | 10 | 3 | 7 | 0 | 6 | -0.649 |
| लखनऊ सुपर जाएंट्स (LSG) | 9 | 2 | 7 | 0 | 4 | -1.076 |

### आईपीएल 2026 की मौजूदा अंक तालिका

सनराइजर्स हैदराबाद 11 मैचों में सात जीत के साथ 14 अंक लेकर पहले स्थान पर है। पंजाब किंग्स 10 मैचों से 13 अंक लेकर दूसरे, आरसीबी नौ मैचों से 12 अंक लेकर तीसरे, राजस्थान रॉयल्स 10 मैचों से 12 अंक लेकर चौथे और गुजरात टाइटंस 10 मैचों से 12 अंक लेकर पांचवें स्थान पर है। चेन्नई सुपर किंग्स 10 मैचों से 10 अंक लेकर छठे, दिल्ली कैपिटल्स 10 मैचों से आठ अंक लेकर सातवें, कोलकाता नाइट राइडर्स नौ मैचों से सात अंक लेकर आठवें, मुंबई इंडियंस 10 मैचों से छह अंक लेकर नौवें और लखनऊ सुपर जाएंट्स नौ मैचों से चार अंक लेकर 10वें स्थान पर है।



# अपने पूर्व साथी खिलाड़ी के अचानक निधन पर कोहली ने जताया दुख, परिजनों को बंधाया ढांढस



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने अंडर-19 दिनों के अपने साथी अमनप्रीत सिंह गिल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। अमनप्रीत का 36 साल की उम्र में निधन हो गया था।

भारतीय अंडर-19 क्रिकेट टीम और घरेलू क्रिकेट में पंजाब के लिए खेल चुके मध्यम गति के तेज गेंदबाज अमनप्रीत सिंह गिल का बुधवार को 36 साल की उम्र में चंडीगढ़ में निधन हो गया। अमनप्रीत सिंह गिल के निधन पर विराट कोहली, युवराज सिंह, और शिखर धवन जैसे क्रिकेटरों ने शोक जताया है। अंडर-19 के दिनों में कोहली और अमनप्रीत साथ में खेले थे।

**कोहली के अलावा युवराज और धवन ने भी दी श्रद्धांजलि**

विराट कोहली ने एक्स पर लिखा, 'अमनप्रीत गिल के निधन की खबर सुनकर हैरान और दुखी हूं। उनके परिवार और प्रियजनों को ये दुख सहने की ताकत मिले। ओम शांति।'

इससे पहले युवराज सिंह ने भी अमनप्रीत सिंह के निधन पर शोक जताया है। उन्होंने लिखा, अमनप्रीत सिंह गिल के निधन के बारे में सुनकर बहुत दुख हुआ।




# सीएम ग्रिड फेस-2 के कार्यों में धीमी रफ्तार पर नगर आयुक्त सख्त

## निरीक्षण के दौरान अधिकारियों और ठेकेदार को लगाई फटकार, गुणवत्ता और जनसुविधा पर जोर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम के नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने वसुंधरा जोन अंतर्गत चल रहे सीएम ग्रिड फेस-2 परियोजना के निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यों की धीमी गति और सड़क किनारे फैली मिट्टी व मलवे को लेकर उन्होंने अधिकारियों और संबंधित ठेकेदार को कड़ी फटकार लगाई। नगर आयुक्त ने स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और अधिकारियों को मॉनिटरिंग बढ़ाने के निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने डाबर चौक से कौशांबी होते हुए आनंद विहार मार्ग तक चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया।



निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी, अधिशासी अभियंता विपुल, सहायक अभियंता अनूप, अवर अभियंता संजय गंगवार तथा अवर अभियंता पूजा सहित निर्माण विभाग की टीम मौजूद रही। वहीं संबंधित फर्म जीत कंस्ट्रक्शन के प्रतिनिधियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए गए। नगर निगम द्वारा लगभग 2.5 किलोमीटर लंबी सड़क को सीएम ग्रिड योजना के अंतर्गत विकसित किया जा रहा है, जिस पर करीब 45 करोड़ रुपये की लागत आएगी। परियोजना को 15 मार्च 2027 तक पूरा किया जाना प्रस्तावित है।

नगर आयुक्त ने कहा कि निर्माण कार्यों के दौरान आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने सड़क किनारे जमा मिट्टी और मलवा तत्काल हटाने, बैरिकेडिंग सुनिश्चित करने तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी को कार्यों की नियमित निगरानी बढ़ाने और गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सीएम ग्रिड फेस-2 परियोजना के अंतर्गत कौशांबी, वैशाली और इंदिरापुरम के प्रमुख मार्गों को आधुनिक और व्यवस्थित स्वरूप दिया जा रहा है, इसलिए निर्माण कार्यों में तेजी और गुणवत्ता दोनों आवश्यक हैं। नगर आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों और ठेकेदार को चेतावनी देते हुए कहा कि परियोजना की प्रगति में लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा तय समय सीमा में कार्य पूर्ण कराया जाए।

# जीबीयू में 5 करोड़ से अधिक के घोटाले में चार आरोपियों की अग्रिम जमानत खारिज

**ग्रेटर नोएडा।** सत्र अदालत ने गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी में 5 करोड़ रुपये के कथित घोटाले और वित्तीय अनियमितता मामले में चार आरोपियों की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी। अदालत ने कहा कि मामला गंभीर आर्थिक अपराध से जुड़ा है और प्रथम दृष्टया आरोपियों की भूमिका सह-आरोपियों के समान दिखाई देती है। ऐसे में उन्हें अग्रिम जमानत देने का पर्याप्त आधार नहीं बनता।



यह मामला थाना इकोटेक-1 थाना में दर्ज है। आरोपियों में शिलेंद्र कुमार शर्मा, विजय प्रताप सिंह, मुकेश कुमार पांडेय और शिव कुमार खत्री शामिल हैं। अभियोजन पक्ष के अनुसार गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी में वर्ष 2024-25 के दौरान फीस जमा प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर वित्तीय घोटाला सामने आया था। यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा कराए गए आंतरिक मिलान के दौरान पता चला कि छात्रों से वसूली गई करोड़ों रुपये की फीस यूनिवर्सिटी के सॉफ्टवेयर रिकॉर्ड में तो दर्ज थी, लेकिन वह रकम बैंक खातों में जमा नहीं हुई।

जांच में लगभग पांच करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि के गबन की आशंका जताई गई है। यूनिवर्सिटी के तत्कालीन रजिस्ट्रार डॉ. विश्वास त्रिपाठी, नीरज कुमार समेत कई कर्मचारियों और आउटसोर्स कर्मियों ने आपसी साजिश के तहत फर्जी यूपीआई ट्रांजैक्शन आईडी और रसीदें तैयार कीं थी। जांच समिति द्वारा सीसीटीवी फुटेज मांगे जाने के बावजूद फुटेज उपलब्ध नहीं कराए गए।

इससे सबूतों से छेड़छाड़ और तथ्यों को छिपाने की आशंका भी जताई गई। बचाव पक्ष ने कहा कि आरोपियों ने न तो फीस लेनदेन में कोई धोखाधड़ी की और न ही धन के गबन में उनकी भूमिका है। अदालत ने केस डायरी और उपलब्ध दस्तावेजों का अवलोकन करने के बाद जमानत खारिज कर दी।

# वर्किंग नहीं चल रही थी फाइन भेज दिए गए थाना प्रभारी लाइन

## जितेंद्र सिंह को मिली कमान, सिहानी गेट में संतराज सिंह बने अतिरिक्त निरीक्षक

**जिम्मेदारी**

**नए थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह इससे पहले खोड़ा सहित कई थानों में अपनी सेवाएं दे चुके हैं**



**पुलिस महकमे में जितेंद्र सिंह को सक्रिय पुलिसिंग के लिए जाना जाता है। वहीं पुलिस सूत्रों का कहना है कि आने वाले दिनों में पुलिस कमिश्नरेट में एसीपी स्तर पर भी बड़े फेरबदल देखने को मिल सकते हैं।**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में गुरुवार को एक बार फिर तबादला सूची जारी हुई। जिसमें कई चर्चित चेहरों के कार्यक्षेत्र बदले गए। लंबे समय से विवादों और शिकायतों के चलते सुर्खियों में चल रहे नंदग्राम थाना प्रभारी उमेश कुमार को पुलिस लाइन भेज दिया गया है। उनकी जगह साइबर थाना में तैनात निरीक्षक जितेंद्र सिंह को नंदग्राम थाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जारी आदेश के अनुसार निरीक्षक उमेश कुमार को प्रभारी निरीक्षक थाना नंदग्राम से हटाकर पुलिस लाइन भेजा गया है। वहीं निरीक्षक जितेंद्र सिंह, जो अब तक साइबर थाने में तैनात थे, उन्हें नंदग्राम थाना प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा पुलिस लाइन में तैनात निरीक्षक संतराज सिंह को थाना सिहानी गेट में अतिरिक्त निरीक्षक की जिम्मेदारी दी गई है।




सूत्रों के मुताबिक नंदग्राम थाना क्षेत्र में लगातार सामने आ रहे विवाद, वायरल वीडियो, आत्महत्या के मामलों में उठे सवाल और चर्चित दुष्कर्म प्रकरण के बाद कार्यप्रणाली पुलिस अधिकारियों के निशाने पर थी। बताया जा रहा है कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बाद महिला अधिकारियों से जुड़ी व्यवस्थाओं में बदलाव के बाद यह मामला और अधिक संवेदनशील हो गया था। नए थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह इससे पहले खोड़ा सहित कई थानों में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट में भी उनका लंबा अनुभव रहा है। पुलिस महकमे में उन्हें सक्रिय पुलिसिंग के लिए जाना जाता है। वहीं पुलिस सूत्रों का कहना है कि आने वाले दिनों में पुलिस कमिश्नरेट में एसीपी स्तर पर भी बड़े फेरबदल देखने को मिल सकते हैं। कई अधिकारियों की कार्यप्रणाली और लगातार मिल रही शिकायतों को लेकर शीर्ष स्तर पर समीक्षा चल रही है।

# कैश वैन लूटकांड में पुलिस की ताबड़तोड़ दबिश जारी मोदीनगर से ग्रेटर नोएडा तक खंगाले जा रहे ठिकाने

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद के थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र में दिनदहाड़े हुए सनसनीखेज कैश वैन लूटकांड के बाद पुलिस ने बदमाशों की तलाश में बड़ी कार्रवाई तेज कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार वारदात में इस्तेमाल की गई बलेनो कार को ट्रेस कर लिया गया है, जिसके बाद मोदीनगर, मुरादनगर, हापुड़ और ग्रेटर नोएडा के कई इलाकों में आधा दर्जन से अधिक पुलिस टीमें लगातार ताबड़तोड़ दबिश दे रही हैं। सूत्रों का दावा है कि पुलिस को दो बदमाशों की बेहद स्पष्ट सीसीटीवी फुटेज हाथ लगी है, जिसके आधार पर संदिग्धों की पहचान के करीब पहुंचा जा चुका है। माना जा रहा है कि घटना को अंजाम देने वाले बदमाश पेशेवर गैंग के बजाय नसीखिए थे, लेकिन उन्होंने पूरी प्लानिंग और रेकी के बाद वारदात को अंजाम दिया।

## जल्द खुलासे के मिल रहे हैं संकेत




करंट क्राइम : पुलिस जांच में यह बात भी सामने आ रही है कि घटना से पहले 4 मई को आरोपियों ने इलाके की रेकी की थी। इसके अलावा बैंक कैश वैन के कर्मचारियों और सुरक्षा स्टाफ की भूमिका भी जांच के दायरे में आ गई है। शुरूआती जांच में मिलीभगत के संकेत मिलने के बाद पुलिस सभी पहलुओं पर गहनता से पड़ताल कर रही है। विश्वसनीय सूत्रों के मुताबिक इस पूरे लूटकांड की जांच क्राइम ब्रांच, एसओजी और डीसीपी सिटी की टीम संयुक्त रूप से कर रही है। पुलिस को कई महत्वपूर्ण इनपुट और तकनीकी साक्ष्य मिले हैं, जिनके आधार पर जल्द बड़े खुलासे की संभावना जताई जा रही है। डीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने बताया कि पुलिस टीमें लगातार काम कर रही हैं और घटना के खुलासे के बेहद करीब हैं। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर पूरे मामले का पदार्फाश किया जाएगा। गौरतलब है कि बुधवार को क्रॉसिंग रिपब्लिक थानाक्षेत्र में बदमाशों ने कैश वैन पर फायरिंग करते हुए लगभग 25 लाख रुपये लूट लिए थे। वारदात के बाद आरोपी बलेनो कार से फरार हो गए थे, जिसके बाद पूरे कमिश्नरेट में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया था।

# पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत पर खोड़ा में मिठाई बांट कर मनाई गई खुशी

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत पर कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। आरती भाटी व शिल्पी सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर मिठाई बांटी। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को बधाई दी और 'भारत माता की जय' के नारे लगाए। आरती भाटी ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास और गृहमंत्री अमित शाह की मेहनत का परिणाम है। आरती भाटी ने कहा कि बंगाल की जनता ने तुष्टिकरण को नकार कर राष्ट्रवाद चुना है। कार्यकर्ताओं ने संगठन को और मजबूत करने का संकल्प लिया।



# डी-पार्क के काम में देरी पर फटकार

**नोएडा।** प्राधिकरण की एसीईओ वंदना त्रिपाठी ने बृहस्पतिवार को बोर्ड रूम सभागार में उद्यान विभाग के कार्यों की समीक्षा की। पार्कों के विकास और सौंदर्यीकरण में देरी पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए तय समय में काम पूरा करने के निर्देश दिया और स्पष्टीकरण भी मांगा।

उद्यान खंड प्रथम के सेक्टर-62 स्थित डी-पार्क के नवीनीकरण में विलंब पर एसीईओ ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने हर हाल में 15 सितंबर तक काम पूरा कराने को कहा। वाईआरएफ पार्क के सौंदर्यीकरण में शिथिलता बरतने पर संबंधित उप निदेशक उद्यान और सहायक निदेशक उद्यान खंड प्रथम से स्पष्टीकरण मांगा। उद्यान खंड द्वितीय के अंतर्गत सेक्टर-94 स्थित जापानी पार्क के विकास और सौंदर्यीकरण कार्यों को गति देने के निर्देश दिए गए। एसीईओ ने कहा कि 15 जुलाई तक पार्क में पौधरोपण पूरा कर लोकार्पण की तैयारी सुनिश्चित की जाए। उद्यान खंड तृतीय के अंतर्गत सेक्टर-91 के डियर पार्क के कार्यों को तेजी से पूरा कराने के निर्देश दिए। सेक्टर-167 में प्रस्तावित लेक-व्यू पार्क का आकलन तीन दिन के भीतर तैयार कर प्रस्तुत करने को कहा गया।

# रोरी में चोरी : सिंचाई के तार चोरी होने से किसान परेशान, थाने पर किया प्रदर्शन

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** चोरों के आतंक से परेशान ग्रामीणों ने थाने पर पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दे कार्रवाही किये जाने व बिजली विभाग से चोरी किये गये तार पुनः जोड़े जाने की मांग की है।

मोदीनगर थानान्तर्गत गांव रोरी के ग्रामीणों ने थाने पहुंचकर दी तहरीर दे आरोप लगाया है कि गांव में चोरों का आतंक रुकने का नाम नहीं ले रहा है। आये दिन चोर बिजली के तारों को चोरी कर ले जाते हैं। जिससे ग्रामीण अपने खेतों की सिंचाई भी नहीं कर पा रहे हैं।

उनहोंने बिजली विभाग से तार जोड़े जाने व पुलिस से चोरों का सुराग लगाकर सख्त कार्रवाई किये जाने के साथ ही गांव में रात्री गशत बढ़ाये जाने की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक आनन्द प्रकाश मिश्र ने ग्रामीणों को कार्रवाई का आश्वासन दिया है। पुलिस चोरों की तलाश कर रही है।

# ट्रेनों के इंतजार में छूट रहा रेल यात्रियों का पसीना

**हापुड़।** गर्मी के मौसम में रोजाना ट्रेनों का बिगड़ा संचालन रेल यात्रियों के पसीने छुड़ा रहा है। सुबह से लेकर शाम तक ट्रेनें अपने निर्धारित समय से छह घंटे तक की देरी से रेलवे स्टेशन आ रही है। राधिकापुर से आनंद विहार टर्मिनल जा रही आनंद विहार टर्मिनल एक्सप्रेस छह घंटे, मुरादाबाद जंक्शन से चलकर गाजियाबाद जंक्शन को जा रही मेमू ट्रेन चार घंटे 30 मिनट, डिब्रूगढ़ से लालगढ़ जंक्शन जा रही अवध असम एक्सप्रेस तीन घंटे, प्रयागराज संगम से सहारनपुर जंक्शन जाने वाली नौचंदी एक्सप्रेस एक घंटा 30 मिनट, मेरठ से चलकर लखनऊ जंक्शन को जाने वाली राज्यरानी एक्सप्रेस एक घंटा 30 मिनट, रक्सौल से आनंद विहार टर्मिनल जा रही सत्याग्रह एक्सप्रेस एक घंटा, कासगंज से नई दिल्ली जा रही इंटरसिटी एक्सप्रेस एक घंटा देरी से रेलवे स्टेशन आई। वहीं लालगढ़ से डिब्रूगढ़ जा रही अवध असम एक्सप्रेस एक घंटा 30 मिनट, बरेली जंक्शन से भुज को जाने वाली आला हजरत एक्सप्रेस एक घंटा, सहरसा जंक्शन से आनंद विहार टर्मिनल जा रही ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन एक घंटा, बापूधाम मोतिहारी से चलकर आनंद विहार टर्मिनल जा रही सत्याग्रह एक्सप्रेस एक घंटा, भुज से बरेली जाने वाली आला हजरत एक्सप्रेस एक घंटा देरी से चलकर रेलवे स्टेशन आई।

# अलग-अलग दो सड़क हादसों में एक की मौत, दो गंभीर रूप से घायल

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** दो अलग-अलग सड़क हादसों में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। एक घटना में तेज रफ्तार कार खड़े ट्रक से टकरा गई, वहीं दूसरी घटना में एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर नाले में जा गिरी।


पहली घटना बुधवार रात करीब 11 बजे भोजपुर-पिलखुवा मार्ग पर गांव अमराला के पास हुई। जिला बागपत के गांव डोला पिनवासी अनिल राणा अपने साथी अभिमन्यु राणा के साथ हापुड़ की ओर जा रहे थे। अभिमन्यु राणा कार चला रहे थे। अमराला गांव से आगे एक फैक्ट्री के सामने उनकी तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक में जा घुसी। टक्कर इतनी भीषण थी, कि कार के परखच्चे उड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को कार से बाहर निकाला और स्थानीय अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने अनिल राणा को मृत घोषित कर दिया, जबकि चालक अभिमन्यु राणा की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। एसीपी भास्कर वर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा और फरार ट्रक चालक की तलाश की जा रही है। दूसरी घटना गुरुवार दोपहर निवाड़ी थानान्तर्गत गांव सारा में हुई। गांव सारा निवासी लीलू जाटव दोपहर दो बजे ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर खेत से भूसा लेने जा रहे थे। मोदीनगर-सारा मार्ग पर सामने से आ रही बाइक को बचाने के चक्कर में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर नाले में जा गिरा। इस हादसे में किसान लीलू जाटव ट्रैक्टर के नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचकर लीलू जाटव को नाले से बाहर निकाला और स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। एसीपी भास्कर वर्मा का कहना है कि इस मामले में अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर आने के बाद मुकदमा दजकर अग्रीम कार्रवाही की जायेगी।






## ट्रैफिक वाले दिखा रहे हैं खूब तेजी, पर सवाल कब आएगा हल

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में इन दिनों ट्रैफिक विभाग के अधिकारी जमकर सड़क पर नजर आ रहे हैं। ट्रैफिक वाले महकमे में चहे साहब की पोजीशन कोई भी हो लेकिन हर रैंक वाले इन दिनों जमकर पसीना बहा रहे हैं। पसीना बहाने के साथ ही जानकारी यह मिल रही है कि कार्रवाई भी करने का काम हो रहा है। पुलिस वाले सूत्रों ने बताया है कि ट्रैफिक वाले सिस्टम में कोई दिन के उजाले में अभियान चला कर अपनी वर्किंग को प्रदर्शित करने का काम कर रहा है तो कोई रात के अंधेरे में सच्चाई जान रहा है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में ट्रैफिक के भीतर जो एक दर्जन थ्री-स्टार हैं, सुना है वो भी आजकल जमकर पसीना बहाने का पूरी मेहनत के साथ काम कर रहे हैं। कोई मुख्य चौराहों पर ध्यान दे रहा है। तो कोई पॉश इलाके पर नजर दौड़ा रहा है। कोई अतिक्रमण हटवाने में लगा हुआ है, तो कोई हेलमेट और सीट बेल्ट का ज्ञान दे रहा है। कोई रील के जरिए संदेश दे रहा है, तो कोई रियल में भी काम करता हुआ नजर आ रहा है। कुल मिलाकर जिस शिद्दत और मेहनत के साथ पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में ट्रैफिक पुलिस वाला महकमा अलर्ट हुआ है, उसे देखकर कहा जाना चाहिए कि बदलाव अवश्य होगा। पर आलम यह है कि अधिकारियों के सख्त होने के बावजूद भी जाम की व्यवस्था पर कोई हल और असर होता दिखाई नहीं दे रहा है। वैसे साहब के कार्यालय वाली रोड हो या पुराने बस अड्डे का हाल हो। चौधरी मोड वाली रोड हो या वेव सिटी वाला कट ट्रैफिक का हाल जैसे कल था वैसा ही आज भी नजर आ रहा है। अब सवाल हो रहा है कि इतना लंबा साहब लोग समय क्यों ले रहे हैं। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में ट्रैफिक को लेकर जितना पेन विभाग वाले साहब लोग ले रहे हैं, उतना नीचे वाले ले तो बात ही क्या हो, सॉल्यूशन निकल जाएगा। वैसे कई स्थानों पर औचक निरीक्षण भी हो चुके हैं, पर हालात और हाल पुराने वाले ही चल रहे हैं। अब देखना होगा कि ट्रैफिक वाले सिस्टम में कब तक हाल और समाधान निकाला जाता है। कुल मिलाकर इन दिनों पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में हर जोन में ट्रैफिक वाले साहब और उनके अधीनस्थ नजर आ रहे हैं।



# रिश्तों का कत्ल : जमीनी विवाद को लेकर भाई ने भाई को मारी गोली, हालत नाजुक

मोदीनगर, करंट क्राइम। फुफेरे भाई ने घर में घुसकर भाई को गोली मार दी। गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया, गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। घटना बुधवार रात निवाड़ी थानान्तर्गत गांव पूठरी में हुई। पूठरी में रहने वाले प्रशांत उर्फ सोनू मेरठ की एक प्रिंटिंग प्रेस में काम करते हैं। वह अपनी पत्नी पिंकी व अन्य लोगों के साथ घर पर थे। आरोपी फुफेरा भाई वैभव उनके घर आया और गेट खोलने के लिए आवाज लगाई। प्रशांत ने गेट खोला, जिसके पीछे उनकी पत्नी पिंकी खड़ी थीं। आरोपी वैभव मोबाइल पर किसी से बात कर रहा था। घर में आकर उसने प्रशांत से कहा कि उनके पिता का फोन है, बात कर लो। जैसे ही प्रशांत ने मोबाइल कान पर लगाया, वैभव ने उन्हें गोली मार दी। पिंकी ने आरोपी को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन गहमागहमी में आरोपी अपना तमंचा मौके पर छोड़कर बाइक से फरार हो गया। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। खून से लथपथ प्रशांत को तुरंत मोदीनगर के एक नीजी अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें गाजियाबाद के हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। उनकी हालत गंभीर बनी हुई है और वह आईसीयू में भर्ती हैं, जहां उनकी सर्जरी हुई है। सूचना मिलने पर एसीपी मोदीनगर भास्कर वर्मा व थाना प्रभारी निवाड़ी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, जिसने आवश्यक साक्ष्य और तमंचा कब्जे में लिया। पुलिस ने पिंकी से पूछताछ की और रात में ही आरोपी की तलाश में दबिश दी। गुरुवार दोपहर को आरोपी वैभव को हिरासत में ले लिया गया। पिंकी ने बताया कि प्रशांत और वैभव के परिवारों के बीच काफी समय से जमीनी विवाद चल रहा है। एसीपी मोदीनगर भास्कर वर्मा ने बताया कि पिंकी की तहरीर पर आरोपी फुफेरे भाई वैभव के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। उससे पूछताछ जारी है। जल्द ही घटना का पदार्फाश किया जाएगा।



# आरकेजीआईटी में 'बोन वोयेज 26' फेयरवेल पार्टी आयोजित

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मेरठ रोड गाजियाबाद स्थित राज कुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में थर्ड ईयर स्टूडेंट्स द्वारा फाइनल ईयर के स्टूडेंट्स के लिए फेयरवेल पार्टी 'बोन वोयेज -2026' का आयोजन किया गया। फेयरवेल पार्टी का आयोजन बहुत धूमधाम से हुआ। इसमें फाइनल ईयर स्टूडेंट के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं भी कराई गईं। जिसमें डाटा साइंस ब्रांच के छात्र सिद्धार्थ भारद्वाज को मिस्टर फेयरवेल व डाटा साइंस ब्रांच की ही छात्रा कशिश सहगल को मिस फेयरवेल चुना गया। थर्ड ईयर के स्टूडेंट्स ने बढ़ चढ़कर कार्यक्रम को हर्ष उल्लास से आयोजित किया। यह आयोजन एक भावनात्मक समारोह बन गया। सभी फाइनल ईयर के स्टूडेंट्स की आँखें नम थी। फाइनल ईयर स्टूडेंट्स द्वारा संस्थान में बिताए गए लम्हों का एक वीडियो शूट प्रस्तुत करने के साथ साथ कुछ रंगा रंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।




इस अवसर पर संस्थान के वाइस चेयरमैन अक्षत गोयल, ग्रुप एडवाइजर डॉ. लक्ष्मण प्रसाद, एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ डी के चौहान और डायरेक्टर डॉ. बी.सी. शर्मा ने फाइनल ईयर के सभी छात्र-छात्राओं को आशीर्वाद दिया और उनके उज्जवल कैरियर के लिए शुभकामनाएं दीं। बोन-वोयेज-26 फेयरवेल पार्टी का संचालन स्टूडेंट एक्टिविटी काउंसिल के चेयरमैन आलोक त्यागी के नेतृत्व में हुआ। कार्यक्रम के दौरान डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर एच.जी. गर्ग, डीन एकेडमिक डा. आर. के. यादव, डीन ईआईआई डॉ. पुनीत चंद्र श्रीवास्तव, डीन एक्रीडिटेशन डॉ. रामेंद्र सिंह, सभी विभागों के अध्यक्ष व फैकल्टी मेंबर्स उपस्थित रहे।

# पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। यह भारतीयता है यह आस्था है और यह संस्कार है जो सात समंदर पार भी दिखाई देते हैं। भाजपा रिसर्च रिंग की उप प्रभारी डॉक्टर सुषमा इन दिनों अपने परिवार के साथ अमेरिका की यात्रा पर है। उन्होंने न्यूयॉर्क के न्यू जर्सी में स्थित स्वामीनारायण मंदिर के दर्शन किए पूजा अर्चना की। इस पल को उन्होंने फेसबुक पर साझा किया और एक संदेश दिया कि अपनी संस्कृति अपना धर्म और अपनी आस्था हमेशा मजबूत तरीके से दिखाई देनी चाहिए। डॉ सुषमा कि यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# पश्चिम एशिया में जंग खत्म करने की तैयारी

## आगे बढ़ी ईरान-अमेरिका वार्ता, युद्धविराम पर जल्द बन सकती है सहमति

**नई दिल्ली।** ईरान और अमेरिका के बीच पश्चिम एशिया संकट खत्म करने को लेकर बातचीत में बड़ी प्रगति हुई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईरान जल्द ही अमेरिका के प्रस्ताव पर अपना जवाब दे सकता है। प्रस्तावित समझौते में 30 दिन का युद्धविराम, ईरान द्वारा अस्थायी रूप से परमाणु संवर्धन रोकना और बदले में अमेरिका द्वारा प्रतिबंधों में राहत देने जैसी शर्तें शामिल हैं।

'पश्चिम एशिया में जारी तनाव और संकट को खत्म करने की दिशा में ईरान और अमेरिका के बीच बातचीत में बड़ी प्रगति होती दिखाई दे रही है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान गुरुवार को मध्यस्थ देशों के जरिए अमेरिका के उस प्रस्ताव पर अपना जवाब दे सकता है, जिसका उद्देश्य क्षेत्रीय संकट का समाधान निकालना और तनाव को पूरी तरह समाप्त करना है।



### दोनों एक प्रारंभिक समझोते की दिशा में आगे बढ़ रहे

सूत्रों के अनुसार, तेहरान अभी भी अमेरिका समर्थित प्रस्ताव की समीक्षा कर रहा है, लेकिन दोनों पक्ष संभावित समझौते के काफी करीब पहुंचते नजर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि वॉशिंगटन और तेहरान के बीच जारी बातचीत एक प्रारंभिक समझौते की दिशा में आगे बढ़ रही है, जिससे मौजूदा संकट को रोका जा सके और व्यापक परमाणु वार्ता का रास्ता तैयार हो सके।

एक्सियोस की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी अधिकारियों और वार्ता से जुड़े सूत्रों ने इसे संघर्ष शुरू होने के बाद का सबसे बड़ा कूटनीतिक घटनाक्रम बताया है। हालांकि अभी अंतिम समझौता नहीं हुआ है, लेकिन बातचीत सकारात्मक दिशा में बढ़ रही है।

हालांकि रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि समझौते की कई शर्तें आगे की बातचीत के नतीजों पर निर्भर होंगी। ऐसे में भविष्य में फिर से तनाव बढ़ने या लंबे समय तक अनिश्चितता बने रहने की आशंका भी बनी हुई है।

### क्या है प्रस्तावित समझौते का उद्देश्य

प्रस्तावित समझौता एक 14 बिंदुओं वाले एक पन्ने के मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग पर आधारित है। इसका उद्देश्य तत्काल युद्धविराम लागू करना और अगले 30 दिनों के भीतर व्यापक समझौते के लिए बातचीत शुरू करना है। प्रस्ताव के तहत ईरान अस्थायी रूप से अपने परमाणु संवर्धन कार्यक्रम को रोक सकता है। इसके बदले अमेरिका ईरान पर लगे कुछ प्रतिबंध हटाने और ईरानी संपत्तियों में फंसे अरबों डॉलर को जारी करने की प्रक्रिया शुरू करेगा। साथ ही दोनों देश होर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव कम करने और समुद्री आवाजाही को आसान बनाने की दिशा में भी काम करेंगे।



### कहां हो सकती है बातचीत

अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में होर्मुज जलडमरूमध्य में सैन्य गतिविधियों को कम करने का फैसला इसी कूटनीतिक प्रगति को देखते हुए लिया था। इस पूरी कूटनीतिक प्रक्रिया का नेतृत्व अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि वे सीधे संपर्क और तीसरे पक्ष के मध्यस्थों के जरिए तेहरान से बातचीत कर रहे हैं। अगर यह समझौता औपचारिक रूप लेता है, तो इसे आधिकारिक तौर पर युद्ध समाप्ति की घोषणा माना जाएगा। साथ ही तकनीकी और परमाणु मुद्दों पर आगे की बातचीत इस्लामाबाद या जेनेवा में हो सकती है।

# हम उन्हें खत्म कर देंगे: शांतिवार्ता के बीच ट्रंप की ईरान को चेतावनी

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान समझौता करने के लिए बेताब है। उन्होंने दावा किया कि ईरान की सैन्य शक्ति और नेतृत्व खत्म हो चुका है। ट्रंप ने साफ किया कि वे ईरान को परमाणु हथियार नहीं बनाने देंगे। नौसेना की घेराबंदी से ईरान का व्यापार रुक गया है और जल्द ही समझौता हो सकता है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पश्चिम एशिया संकट और ईरान को लेकर बड़ा बयान दिया है। ट्रंप ने चेतावनी देते हुए कहा कि हम उन्हें (ईरान को) खत्म कर देंगे। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि वे ईरान को किसी भी कीमत पर परमाणु हथियार नहीं बनाने देंगे।

**क्या बोले ट्रंप**

ट्रंप के अनुसार, फिलहाल स्थिति पूरी तरह उनके नियंत्रण में है। उन्होंने अमेरिकी नौसेना के काम की जमकर तारीफ की और उसे स्टील की दीवार जैसा बताया। ट्रंप ने कहा कि नौसेना ने ऐसी जबरदस्त घेराबंदी की है कि वहां से कोई भी पार नहीं जा पा रहा है। इस वजह से ईरान का सारा कामकाज ठप हो गया है और उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।



ट्रंप ने आगे कहा कि ईरान के लोग अब समझौता करने के लिए बहुत ज्यादा बेचैन हैं। अब यह देखना होगा कि क्या वे ऐसा समझौता कर पाते हैं जो अमेरिका को मंजूर हो। ट्रंप ने भरोसा जताया कि अगर वे अभी राजी नहीं होते हैं, तो उन्हें बहुत जल्द हमारी बात माननी ही पड़ेगी।

**अमेरिकी राष्ट्रपति ने किया दावा:** ट्रंप ने दावा किया कि ईरान की सैन्य ताकत अब खत्म हो चुकी है। उनके पास न तो विमान बचे हैं और न ही रडार या एंटी-एयरक्राफ्ट सिस्टम। उनकी मिसाइलें भी पूरी तरह तबाह हो गई हैं।

# दो पूर्व रक्षा मंत्रियों को मौत की सजा, रिश्वत लेन देन में ठहराए गए दोषी, देश के रक्षा मंत्री रहे

**संघाई।** चीन की सैन्य अदालत ने पूर्व रक्षा मंत्रियों वेई फेंगहे और ली शांगफू को भ्रष्टाचार के आरोप में दो साल की मोहलत के साथ मौत की सजा सुनाई। दोनों को 2024 में कम्युनिस्ट पार्टी से निष्कासित किया गया था।




चीन के दो पूर्व रक्षा मंत्रियों, वेई फेंगहे और ली शांगफू को भ्रष्टाचार के आरोप में मौत की सजा सुनाई गई है, जिसमें दो साल की मोहलत दी गई है। आधिकारिक मीडिया के हवाले से यह जानकारी मिली।

सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, चीन की सैन्य अदालत ने उन्हें अलग-अलग सजा सुनाई। वेई को रिश्वत लेने का दोषी पाया गया, जबकि ली को रिश्वत लेने और देने दोनों का दोषी ठहराया गया। वेई और उनके उत्तराधिकारी ली को 2024 में सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था। वे राष्ट्रपति शी जिनपिंग की अध्यक्षता वाली केंद्रीय सैन्य आयोग के पूर्व सदस्य भी थे। वेई ने 2018 से 2023 तक रक्षा मंत्री के रूप में कार्य किया। ली ने उनके उत्तराधिकारी के रूप में कुछ महीने ही सेवा दी। दोनों ने पीपुल्स लिबरेशन आर्मी की महत्वपूर्ण रॉकेट फोर्स का नेतृत्व किया था। यह फोर्स 2015 में शी के सैन्य सुधार के तहत स्थापित की गई थी।

ली को शी जिनपिंग ने व्यक्तिगत रूप से शीर्ष रक्षा पद के लिए चुना था। ली को पद से हटाए जाने के बाद, रॉकेट फोर्स के कई शीर्ष अधिकारियों को भी भ्रष्टाचार के आरोप में हटा दिया गया था। 2012 में सत्ता में आने के बाद से, राष्ट्रपति शी ने एक बड़ा भ्रष्टाचार विरोधी अभियान चलाया है। इस अभियान में दस लाख से अधिक अधिकारियों को दंडित किया गया है, जिनमें कई जनरल भी शामिल हैं। यह अभियान चीनी कम्युनिस्ट पार्टी में भ्रष्टाचार को खत्म करने पर केंद्रित है।

# पाकिस्तान में पोलियो वायरस के पांच नए मामले आए सामने

**कराची।** पाकिस्तान में पोलियो वायरस एक बार फिर गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती बनता जा रहा है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कराची के सीवेज और अन्य स्थानों से लिए गए पांच नमूनों में पोलियो वायरस की पुष्टि हुई है। इस घटनाक्रम ने स्वास्थ्य अधिकारियों की चिंता बढ़ा दी है।

सिंध में आयोजित एक परामर्श बैठक के दौरान शहरयार मेमन ने बताया कि कराची में वायरस की मौजूदगी इस बात का संकेत है कि संक्रमण अब भी फैल रहा है। उन्होंने कहा कि आमतौर पर कम संक्रमण वाले मौसम में भी वायरस का सक्रिय रहना बेहद चिंताजनक है और इसके लिए तत्काल सख्त कदम उठाने की जरूरत है।

यह बैठक सिंध इंस्टीट्यूट ऑफ चाइल्ड हेल्थ एंड नियोनेटोलॉजी (एसआईसीएचएन) में आयोजित की



गई थी, जिसमें यूनिसेफ, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ), बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन, पाकिस्तान पीडियाट्रिक एसोसिएशन और पाकिस्तान मेडिकल एसोसिएशन सहित कई संस्थाओं के विशेषज्ञ शामिल हुए। डब्ल्यूएचओ के प्रतिनिधि जॉर्ज ने कहा कि अफ्रीका में सफल साबित हुई रणनीतियों को अब पाकिस्तान में भी लागू किया जा रहा है, ताकि वायरस के प्रसार को रोका जा सके। पिछले सप्ताह खैबर पख्तूनख्वा प्रांत से पोलियो के दो नए मामले सामने आए थे। इनमें एक मामला बन्नू और दूसरा उत्तरी वजीरिस्तान से जुड़ा है।

# सीरिया कैंप से ऑस्ट्रेलिया लौटे ISIS संदिग्ध परिवार महिलाएं-बच्चे समेत कुल 13 लोग

**मेलबर्न।** सीरिया के रेगिस्तानी कैंप में वर्षों बिताने के बाद क्रक्र से कथित संबंध रखने वाली महिलाओं और बच्चों को लेकर दो फ्लाइट्स ऑस्ट्रेलिया पहुंचीं। पुलिस ने संभावित कानूनी कार्रवाई के संकेत दिए हैं।



सीरिया के रेगिस्तानी कैंप में कई वर्षों तक रहने के बाद इस्लामिक स्टेट (ISIS) समूह से कथित संबंध रखने वाली ऑस्ट्रेलियाई महिलाओं और बच्चों को लेकर दो विमान गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया पहुंचे। इस घटनाक्रम के बाद सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक विमान मेलबर्न में उतरा जिसमें तीन ऑस्ट्रेलियाई महिलाएं और आठ बच्चे सवार थे। वहीं दूसरी फ्लाइट सिडनी पहुंची, जिसमें एक महिला और उसका बेटा मौजूद थे।

ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने बुधवार को पुष्टि की थी कि कुल 13 लोग, जिन्होंने सीरिया के कैंप में वर्षों बिताए, उन्हें वापस ऑस्ट्रेलिया लाने की योजना बनाई गई थी। इन लोगों को लंबे समय से मानवीय और सुरक्षा दोनों नजरियों से देखा जा रहा था।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि महिलाओं पर इस्लामिक स्टेट के तथाकथित खिलाफत के दौरान सीरिया और इराक में बिताए गए समय को लेकर आपराधिक जांच हो सकती है। हालांकि अभी तक किसी गिरफ्तारी की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। जानकारी के अनुसार, दोनों फ्लाइट्स कतर की राजधानी दोहा से रवाना हुई थीं। कतर एयरवेज की फ्लाइट QR904 सबसे पहले मेलबर्न पहुंची, जबकि दफ908 बाद में सिडनी में उतरी।

ऑस्ट्रेलिया में इस वापसी को लेकर राजनीतिक और सुरक्षा स्तर पर बहस तेज हो गई है। एक ओर मानवाधिकार संगठनों का कहना है कि महिलाओं और बच्चों को सुरक्षित पुनर्वास मिलना चाहिए, वहीं दूसरी ओर सुरक्षा एजेंसियां संभावित खतरे को लेकर सतर्कता बरत रही हैं।

### अंतरिक्ष में धरती से 30% बड़े सुपर-अर्थ की खोज

**वॉशिंगटन।** सुपर-अर्थ ऐसे ग्रहों को कहा जाता है जो आकार में पृथ्वी से बड़े होते हैं, लेकिन गैसीय दानव ग्रहों जितने विशाल नहीं होते। यह ग्रह अपने तारे के बेहद करीब परिक्रमा करता है और केवल 11 घंटे में उसका एक चक्कर पूरा कर लेता है।

अंतरिक्ष विज्ञान में एक अहम उपलब्धि हासिल करते हुए वैज्ञानिकों ने पहली बार किसी दूरस्थ चट्टानी ग्रह की सतह का विस्तृत अध्ययन किया है। जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप से किए गए इस शोध में एलएचएस 3844 बी नाम के एक सुपर-अर्थ के ऐसे संकेत मिले हैं, जो उसे हमारे सौरमंडल के बुध ग्रह जैसा बनाते हैं। यह ग्रह अत्यधिक गर्म, अंधकारमय और पूरी तरह निर्जीव माना जा रहा है। वैज्ञानिकों के अनुसार इसकी सतह पर न तो कोई वातावरण है और न ही जीवन के अनुकूल परिस्थितियां। यह अध्ययन नेचर एस्ट्रोनॉमी जर्नल में प्रकाशित हुआ है।

# क्या अर्जेंटीना से फैला हंतावायरस क्रूज जहाज पर मौतों के बाद जांच तेज

**संयुक्त राष्ट्र।** दक्षिण अटलांटिक में चल रहे लक्जरी क्रूज जहाज एमवी होंडियस पर हंतावायरस संक्रमण फैलने के बाद अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य एजेंसियां अलर्ट पर हैं। जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि क्या इस संक्रमण की शुरूआत अर्जेंटीना से हुई थी, जहां से यह अंटार्कटिका यात्रा शुरू हुई थी। विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) पहले से ही अर्जेंटीना को लैटिन अमेरिका में हंतावायरस के सबसे अधिक मामलों वाले देशों में गिनता है। अर्जेंटीना के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, जून 2025 से अब तक देश में 101 संक्रमण के मामले दर्ज किए गए हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग दोगुने हैं।

विशेषज्ञों के मुताबिक, दक्षिण अमेरिका में पाया जाने वाला एंडीज वायरस हंतावायरस पल्मोनरी सिंड्रोम नामक गंभीर फेफड़ों की बीमारी पैदा करता है, जो कई मामलों में जानलेवा साबित हो सकती है। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले एक वर्ष में संक्रमित मरीजों में करीब एक-तिहाई की मौत हुई है। अधिकारियों ने पुष्टि की है कि क्रूज जहाज के कई यात्रियों में यह वायरस पाया गया है। अब तक तीन यात्रियों की मौत हो चुकी है, जबकि एक व्यक्ति



दक्षिण अफ्रीका में आईसीयू में भर्ती है। इसके अलावा कुछ अन्य यात्रियों का विभिन्न देशों में इलाज जारी है।

हंतावायरस आमतौर पर संक्रमित चूहों के मूत्र, लार या मल के संपर्क से फैलता है और सामान्यतः मानव-से-मानव संक्रमण दुर्लभ होता है, हालांकि कुछ मामलों में सीमित संक्रमण के संकेत मिले हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अर्जेंटीना ने स्पेन, दक्षिण अफ्रीका, नीदरलैंड और अन्य देशों को जांच सामग्री और वायरस के नमूने भेजने का निर्णय लिया है ताकि संक्रमित यात्रियों की पहचान की जा सके। हल्ड के अनुसार, अब तक क्रूज जहाज पर तीन यात्रियों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जिससे वैश्विक चिंता और बढ़ गई है।

# 48 घंटे भी नहीं टिका ट्रंप का ऑपरेशन 'प्रोजेक्ट फ्रीडम', होर्मुज स्ट्रेट में फंसे 1600 जहाज

**दुबई।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान की अपील पर 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' को रोक दिया है। यह मिशन हॉर्मुज जलमार्ग में फंसे जहाजों को निकालने के लिए था। रिपोर्ट्स की मानें तो होर्मुज में करीब 1600 जहाज फंसे हुए हैं।






अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में होर्मुज स्ट्रेट में फंसे जहाजों के ट्रांजिट के लिए प्रोजेक्ट फ्रीडम की शुरूआत की थी। हालांकि, अमेरिकी मीडिया ने बताया कि होर्मुज में 1600 के करीब जहाज फंसे हुए हैं और ट्रंप का प्रोजेक्ट फ्रीडम 48 घंटे तक ही टिक पाया।

### शिपिंग कंपनियों को हो रहा भारी नुकसान

अमेरिकी मीडिया सीएनएन के अनुसार, लगभग 1,600 जहाज अब भी होर्मुज स्ट्रेट के पास फंसे हुए हैं, शिपिंग कंपनियों को एक महंगी और जोखिम भरी स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। वे दो महीने से ज्यादा समय से पानी के रास्ते से निकलने का मौका ढूंढ रही हैं।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का जहाजों को स्ट्रेट से गाइड करने का ऑपरेशन सिर्फ 48 घंटे चला। सिर्फ दो जहाजों को ही गाइड किया गया। अब, फिर से कंपनियां अकेले ट्रांजिट का रिस्क उठाने को तैयार नहीं हैं। जहाजों को जाने देने से कार्गो और स्टाफ दोनों को खतरा होगा। हाल ही में दक्षिण कोरिया के जहाज पर धमाके की जानकारी सामने आई थी, जिसे लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया था कि ये हमला ईरान की तरफ से किया गया। हालांकि, ईरान की तरफ से अब इस मामले में आधिकारिक बयान सामने आया है।

**कोरियाई जहाज को नुकसान**

ईरान ने दक्षिण कोरिया के जहाज पर हमले से साफ इनकार कर दिया है। दक्षिण कोरिया में ईरानी दूतावास की तरफ से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया, इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान की दूतावास, होर्मुज स्ट्रेट में एक कोरियाई जहाज को नुकसान पहुंचाने वाली घटना में ईरान की सेना के शामिल होने के किसी भी आरोप को पूरी तरह से खारिज करती है और साफ तौर पर मना करती है। जब से अमेरिका और इजरायली सरकार ने ईरान के खिलाफ आक्रामक कार्रवाई की है, ईरान ने बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि होर्मुज स्ट्रेट हमलावरों और उनके समर्थकों का मुकाबला करने में उसकी सुरक्षा का एक जरूरी हिस्सा है।

**ईरान ने जारी की चेतावनी**

ईरानी दूतावास ने आगे कहा कि इस मामले में इस अहम जलमार्ग से नेविगेशन पर असर सुरक्षा की बदलती स्थिति से पड़ा है और यह पहले के समय की स्थितियों से अलग है, क्योंकि यह इलाका दुश्मन ताकतों और उनके साथियों की कार्रवाइयों से पैदा होने वाले बढ़ते तनाव का सामना कर रहा है।

इसलिए, होर्मुज स्ट्रेट से सुरक्षित गुजरने के लिए लागू नियमों का पूरा पालन करना, जारी की गई चेतावनियों पर ध्यान देना, तय रास्तों पर चलना और ईरान की सक्षम अधिकारियों के साथ तालमेल बिठाना जरूरी है। दक्षिण कोरिया में ईरानी दूतावास ने अपने बयान में आगे कहा, यह साफ है कि ऐसे हालात में, सैन्य और सुरक्षा तनाव से प्रभावित माहौल में बताई गई जरूरतों और ऑपरेशनल हकीकतों को नजरअंदाज करने से अनचाही घटनाएं हो सकती हैं। ऐसे नतीजों की जिम्मेदारी उन पार्टियों की है जो इन बातों पर ध्यान दिए बिना इलाके में ट्रांजिट या गतिविधियां करती हैं।

# अमेरिकी अदालत से भारतीय मूल के विशेषज्ञ एशले को बड़ी राहत

## जासूसी कानून का मामला खारिज



**अमेरिकी अदालत ने भारतीय मूल के रणनीतिक विशेषज्ञ एशले जे. टेलिस के खिलाफ जासूसी कानून के तहत दर्ज मामला खारिज कर दिया। अदालत ने माना कि अभियोजन पक्ष ने गलत कानूनी धारा लगाई थी।**

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल के विशेषज्ञ एशले जे. टेलिस के खिलाफ चल रहे जासूसी कानून से जुड़े मामले में अमेरिकी अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। वर्जीनिया की एक संघीय अदालत ने तकनीकी कानूनी आधार पर यह मामला खारिज कर दिया। अदालती आदेश में कहा गया कि याचिका स्वीकार की गई और मामला बिना किसी पूर्वाग्रह के खारिज किया गया। अमेरिका के वर्जीनिया स्थित यूएस डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के जज माइकल एस. नाचमैनॉफ ने 16 अप्रैल को टेलिस की याचिका स्वीकार करते हुए केस को खारिज करने का आदेश दिया। अदालत ने माना कि अभियोजन पक्ष ने गलत कानूनी प्रावधान के तहत आरोप लगाए थे।

क्या है मामला? टेलिस अमेरिका की विदेश नीति, राष्ट्रीय सुरक्षा और इंडो-पैसिफिक मामलों के जाने-माने विशेषज्ञ माने जाते हैं। उन पर आरोप था कि उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े गोपनीय दस्तावेज अपने निजी घर में रखे थे। अभियोजन पक्ष के मुताबिक टेलिस ने अमेरिकी विदेश विभाग और रक्षा तंत्र से जुड़े वरिष्ठ पदों पर काम करते हुए कई संवेदनशील दस्तावेज अपने पास रखे।

सरकार की ओर से दायर आरोपपत्र में कहा गया था कि टेलिस ने राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी 11 गोपनीय फाइलें अपने निजी निवास पर हार्ड कॉपी और डिजिटल फॉर्म में रखीं। अभियोजन पक्ष ने आरोप लगाया कि उन्होंने अपनी उच्चस्तरीय पहुंच का फायदा उठाकर सुरक्षित सरकारी कार्यस्थलों से राष्ट्रीय रक्षा से जुड़ी जानकारी बाहर निकाली और उसे निजी तौर पर संग्रहीत किया।

टेलिस ने क्या दी दलील? हालांकि टेलिस की कानूनी टीम ने अदालत में दलील दी कि सरकार ने जासूसी अधिनियम की गलत धारा के तहत मामला दर्ज किया। उनके वकीलों का कहना था कि जिस धारा 793(ी) के तहत उन पर आरोप लगाए गए, वह केवल उन लोगों पर लागू होता है, जिनके पास गोपनीय दस्तावेज अनधिकृत रूप से हों। जबकि सरकार खुद मान रही थी कि टेलिस के पास उच्च स्तरीय सुरक्षा मंजूरी थी और उन्हें इन दस्तावेजों तक अधिकृत पहुंच प्राप्त थी।

बचाव पक्ष ने अदालत से कहा कि टेलिस को संबंधित दस्तावेज आधिकारिक रूप से सौंपे गए थे, इसलिए उन्हें अवैध कब्जा की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता। वकीलों ने यह भी तर्क दिया कि सरकार ने उन पर गोपनीय जानकारी लीक करने या अपनी मंजूरी से बाहर जाकर दस्तावेज हासिल करने का आरोप भी नहीं लगाया। कानूनी टीम ने यह भी कहा कि अभियोजन पक्ष चाहे तो जासूसी कानून की दूसरी धारा 793(f) या धारा 1924 के तहत मामला दर्ज कर सकता था, जो सरकारी कर्मचारियों द्वारा गोपनीय दस्तावेज हटाने और रखने से संबंधित है। लेकिन सरकार ने जानबूझकर गलत प्रावधान चुना। इससे पहले संघीय अभियोजकों ने टेलिस की जमानत शर्तों में ढील देने का विरोध किया था। सरकार का कहना था कि टेलिस राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा और फरार होने का जोखिम बने हुए हैं।

अभियोजन पक्ष ने दावा किया था कि उनके पास हजारों पन्नों के गोपनीय दस्तावेज थे, जिनमें 1,000 से ज्यादा पन्ने टॉप सिक्रेट श्रेणी के थे। सरकार ने यह भी आरोप लगाया था कि कुछ दस्तावेज चीन की परमाणु और सैन्य क्षमताओं से जुड़े थे। अभियोजकों का कहना था कि टेलिस के पास दशकों की संवेदनशील राष्ट्रीय सुरक्षा जानकारी मौजूद थी।

### त्वचा गोरी करने वाले उत्पाद सेहत के लिए बेहद खतरनाक

**जिनेवा।** डब्ल्यूएचओ ने कहा है कि कई स्किन-लाइटनिंग क्रीम और लोशन में पारा का इस्तेमाल किया जाता है। पारा एक जहरीली धातु है, जो शरीर में जमा होकर तंत्रिका तंत्र को नुकसान पहुंचा सकती है। इससे याददाश्त, मानसिक विकास और दिमागी कार्यप्रणाली प्रभावित हो सकती है।

त्वचा को गोरा करने वाले उत्पादों के बढ़ते इस्तेमाल और उनसे जुड़ी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं को देखते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) को अब सीधे हस्तक्षेप करना पड़ा है। संगठन ने पारा युक्त स्किन-लाइटनिंग उत्पादों के खिलाफ नया व्यवहारिक नजरिया टूलकिट जारी किया है, जिसका उद्देश्य केवल इन की बिक्री रोकना ही नहीं बल्कि लोगों में इनके प्रति बढ़ती मानसिक और सामाजिक स्वीकार्यता को चुनौती देना है। डब्ल्यूएचओ ने चेतावनी दी है कि ऐसे उत्पाद लंबे समय में दिमागी नुकसान, हार्मोन संबंधी गड़बड़ियां, गर्भस्थ शिशुओं पर असर जैसी गंभीर समस्याओं को जन्म दे रहे हैं।

# बांग्लादेश की तीस्ता परियोजना में चीन की एंट्री

## ढाका-बीजिंग की बढ़ती साझेदारी पर भारत की नजर

**बीजिंग।** बांग्लादेश की नई सरकार ने तीस्ता नदी प्रबंधन और पुनर्स्थापन परियोजना के लिए चीन से औपचारिक समर्थन मांगा है। बीजिंग में हुई बैठक में दोनों देशों ने आर्थिक, बुनियादी ढांचे और रणनीतिक सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया। आइए विस्तार से जानते हैं।

बांग्लादेश की नई सरकार ने तीस्ता नदी परियोजना को लेकर चीन का समर्थन औपचारिक रूप से मांग लिया है। यह कदम भारत और बांग्लादेश के रिश्तों पर असर डाल सकता है। बुधवार को बीजिंग में बांग्लादेश के विदेश मंत्री खालिलुर रहमान और चीन के विदेश मंत्री वांग यी के बीच हुई बैठक में तीस्ता रिवर कॉम्प्रिहेंसिव मैनेजमेंट एंड रिस्टोरेशन प्रोजेक्ट पर चर्चा हुई। इसकी जानकारी बांग्लादेश की सरकारी समाचार एजेंसी बीएसएस ने दी।

तीस्ता नदी क्यों है अहम तीस्ता नदी पूर्वी हिमालय से निकलकर सिक्किम और पश्चिम बंगाल से गुजरते हुए बांग्लादेश में प्रवेश करती है। यह नदी बांग्लादेश में सिंचाई और लाखों लोगों की आजीविका का प्रमुख स्रोत मानी जाती है। बैठक में वांग यी ने नई



बांग्लादेश सरकार के प्रति चीन का समर्थन जताते हुए कहा कि चीन, बेल्ट एंड रोड सहयोग को बांग्लादेश की विकास रणनीतियों के साथ जोड़ने और आर्थिक, बुनियादी ढांचे व लोगों के बीच संपर्क जैसे पारंपरिक क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि चीन बांग्लादेश में निवेश के लिए अपनी कंपनियों को भी प्रोत्साहित करेगा।

चीन ने क्या दी सफाई चीनी विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया कि चीन का बांग्लादेश और दक्षिण एशिया के अन्य देशों के साथ संबंध किसी तीसरे पक्ष को निशाना बनाकर नहीं बनाए जा रहे हैं और न ही किसी तीसरे पक्ष के कारण प्रभावित होने चाहिए।

तारीक रहमान के नेतृत्व वाली नई सरकार के सत्ता में आने के बाद विदेश मंत्री खालिलुर रहमान की यह पहली चीन यात्रा है। वह 5 मई को चीन पहुंचे थे और गुरुवार को लौटने वाले हैं। इससे पहले पिछले महीने उन्होंने भारत का भी दौरा किया था। उनकी भारत यात्रा पर बीजिंग की करीबी नजर थी, क्योंकि शेख हसीना सरकार के पतन के बाद मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाले अंतरिम प्रशासन के दौरान बांग्लादेश के चीन और पाकिस्तान के करीब जाने से ढाका और नई दिल्ली के संबंधों में तनाव देखा गया था।

नई दिल्ली | दैनिक करंट क्राइम
08 | शुक्रवार • 08 मई -2026



गाजियाबाद नगर निगम
Ghaziabad Nagar Nigam
(ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था)
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY

# 10 मई को वसुंधरा में सजेगा भव्य परशुराम जन्ममहोत्सव
# नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय होंगे मुख्य अतिथि
## पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा की अगुवाई में होगा विराट आयोजन
## परशुराम रामलीला के मंचन के साथ पश्चिमी यूपी से जुटेंगे हजारों श्रद्धालु

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आगामी 10 मई को वसुंधरा में एक भव्य परशुराम जन्ममहोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर बृहस्पतिवार को आयोजित प्रेस वार्ता में साहिबाबाद के पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक समरसता का एक बड़ा केंद्र बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि महोत्सव में भगवान परशुराम के जीवन, संघर्ष, शौर्य और सनातन मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। प्रेस वार्ता के दौरान अमरपाल शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का सबसे बड़ा आकर्षण परशुराम रामलीला का विशेष मंचन होगा।



इस मंचन के माध्यम से भगवान परशुराम के जीवन के विभिन्न प्रसंगों को भव्य तरीके से प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को अपने इतिहास, संस्कृति और सनातन परंपराओं से जोड़ने के उद्देश्य से इस तरह के आयोजनों की आवश्यकता है।

**सुरक्षा और व्यवस्थाओं के लिए बनाई गई विशेष टीम :** भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए आयोजन स्थल पर सुरक्षा और अनुशासन बनाए रखने के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं। आयोजन समिति ने करीब 500 वालंटियर्स की टीम तैयार की है, जो पार्किंग व्यवस्था, श्रद्धालुओं के मार्गदर्शन, भीड़ नियंत्रण और कार्यक्रम संचालन की जिम्मेदारी संभालेगी।

अमरपाल शर्मा ने कहा कि आयोजन को पूरी तरह व्यवस्थित और भव्य बनाने के लिए लगातार बैठकें की जा रही हैं और तैयारियां युद्ध स्तर पर जारी हैं। उन्होंने समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की।

### पश्चिमी उत्तर प्रदेश से पहुंचेगा ब्राह्मण समाज



**करंट क्राइम।** अमरपाल शर्मा ने बताया कि महोत्सव में केवल गाजियाबाद ही नहीं, बल्कि मेरठ, बुलंदशहर, हापुड़, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, बागपत और आसपास के कई जनपदों से बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे। समाज के विभिन्न संगठनों, धार्मिक संस्थाओं और सामाजिक प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया है। आयोजन समिति के अनुसार कार्यक्रम में करीब 50 हजार लोगों की उपस्थिति रहने की संभावना है। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव सामाजिक एकता और सांस्कृतिक जागरूकता का भी संदेश देगा। कार्यक्रम में युवाओं, महिलाओं और समाज के विभिन्न वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए विशेष तैयारियां की जा रही हैं।

### माता प्रसाद पाण्डेय समेत कई दिग्गज होंगे शामिल

**करंट क्राइम।** पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वहीं बलिया से सांसद सनातन पाण्डेय विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। विश्व ब्राह्मण कल्याण परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पीताम्बर शर्मा भी समारोह में सम्मानित अतिथि के रूप में शामिल होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि समाज और राजनीति से जुड़े कई प्रमुख लोग कार्यक्रम में शामिल होंगे, जिससे आयोजन को और व्यापक स्वरूप मिलेगा।

# स्वगणना के पहले दिन महापौर ने पोर्टल पर दर्ज किया अपना विवरण
### स्वगणना करके लोग करें जनगणना में अपना सहयोग, महापौर की अपील

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** देशव्यापी जनगणना प्रक्रिया के तहत बुधवार से स्वगणना अभियान की शुरुआत हो गई। शासन के निर्देशानुसार अब नागरिक स्वयं जनगणना पोर्टल पर जाकर अपने परिवार का विवरण दर्ज कर सकेंगे। अभियान के पहले ही दिन गाजियाबाद की महापौर सुनीता दयाल ने अपने परिवार के साथ स्वगणना कर पोर्टल पर पूरा विवरण अपलोड किया और नागरिकों से भी इसमें सक्रिय भागीदारी करने की अपील की। महापौर ने कहा कि 7 मई से शुरू हुआ यह स्वगणना अभियान 21 मई तक चलेगा।



इसके बाद मकानों की गणना का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। शासन स्तर से जनगणना से जुड़े अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि जनगणना का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि अधिक से अधिक लोग आसानी और सुचारू रूप से इसमें भाग ले सकें। उन्होंने कहा कि जनगणना देश की विकास योजनाओं, संसाधनों के वितरण और भविष्य की नीतियों के निर्माण का महत्वपूर्ण आधार होती है। ऐसे में प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह अपने परिवार के साथ स्वयं पोर्टल पर जाकर सही जानकारी दर्ज करे।

महापौर ने ग्रुप हाउसिंग सोसायटियों, आरडब्ल्यूए, एओए तथा आम नागरिकों से उत्साहपूर्वक स्वगणना में भाग लेने की अपील की। स्वगणना अभियान को लेकर जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधि भी सक्रिय नजर आ रहे हैं। अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव तथा उद्यान प्रभारी डॉ. अनुज सिंह स्वयं महापौर आवास पहुंचे और स्वगणना की प्रक्रिया को संपन्न कराया। अधिकारियों ने बताया कि विभिन्न विभागों के कार्मिकों को भी स्वगणना के प्रति जागरूक किया जा रहा है ताकि अभियान को अधिक प्रभावी बनाया जा सके। महापौर ने कहा कि यदि नागरिक स्वयं आगे बढ़कर अपनी जानकारी दर्ज करेंगे तो जनगणना प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, तेज और उपयोगी बनेगी, जिससे भविष्य की सरकारी योजनाओं का लाभ भी आम जनता तक बेहतर तरीके से पहुंच सकेगा।




▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मुरादनगर से त्यागी दावेदारी का सिलसिला चढ़ रहा है परवान? हम बैठे थे पार्टी कार्यालय पर धुंए को झेलने वाले पेड़ के नीचे? वहां पर एक और त्यागी चेहरे ने ईश्वर की तमन्ना के साथ प्रकट किये अपने अरमान? कहा मैं भी 2027 के लिए तैयार हूं? आज ही ये घोषणा करता हूं कि मैं भी मुरादनगर सीट से दावेदार हूं? अब इनकी दावेदारी कितनी सच्ची है और है कितनी फेक? अब ये तो चोटी वाले ही बतायेंगे? वो जो भी हों व्यक्ति हैं अंदर से नेक?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जबसे नामित वाली जिम्मेदारी आयी है मैडम के पास? सुना है कल्याणी के वार्ड में कल्याण करने का उनका विशेष है ख्वाब? मगर पता चला है कल्याणी जी को नही भा रही है मैडम नामित की दखल? वो कई बार कर चुके हैं इस बात से मैडम को क्लियर? सुना है दोनों के बीच में इस मामले में हॉट टॉक भी हो चुकी है? गजब मामला ये है कि मैडम नामित ने कभी कल्याणी जी के चुनाव में विरोधियों की ईंट से ईंट बजा दी थी डियर?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** अंदर से बाहर आयी है एक बात? कुन्डल वाले पंडित जी चल रहे हैं इन दिनों भगवा योद्धा से नाराज? मेन टीम में नहीं आने पर इन्होंने पी लिया था कड़वा घूंट? मगर ये सोचा था कि कार्यकारिणी सदस्य वाला मैटर हो जायेगा इनको सूट? सुना है मौहल्ले की चाय की दुकान पर चुस्कियां लेते हुए ये किसी से प्रकट कर रहे थे अपना दर्द? कह रहे थे कि हम उनको दिल से चाह रहे थे, और उन्होंने हमारी बिल्कुल भी नहीं की कदर?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा मैडम मैम्बर को जो मिला था सरकारी सुरक्षाधारी? सुना है ये सरकारी चेहरा वापस संभाल रहा है अपनी पहले वाली जिम्मेदारी? इसको भगवा मैडम की सुरक्षा से कर लिया गया है रिटर्न? कहने वाले ने कहा मामला साबित नही पाया, इसलिए दिया गया है इस कार्यवाही को अंजाम? वैसे ये भी हमें पता चला है कि जबसे मिला था मैडम को ये गनर? तब से ब्लैकफुट वालों के खास दोस्त ही थे परेशान?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमारा उस वक्त गया योद्धा के ऊपर ध्यान? वो हकीकत में योद्धा हैं इस बात को भी गये हैं हम मान? एक योद्धा एक साथ निभाता है कई किरदार? हमने देखा एक ओर जहां वो संबोधन दे रहे थे? वहीं मंच पर श्री और शर्मा जी में क्या बातचीत चल रही है इस पर भी था उनका ध्यान? उन्होंने मंच से सुन ली पीछे वाली सारी बात? कहा शर्मा जी थोड़ा सा तो ब्रेक लगाओ? मुझे पता है किस तरह की तारीफ मेरी कर रहे हो आप?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** फिर इसके बाद भगवा योद्धा ने पूरे मन से कर दिया एक और एलान? समझ नहीं आया वो अपने इन शब्दों से देना चाह रहे थे ना जाने किसको पैगाम? माईक हाथ में लेकर उन्होंने भरी गड़गड़ाहट? बोले अगर मेरे उपर कोई एक रूपया भी दलाली का साबित करके दिखाये? मैं मानूंगा कि मैंने खाया है नॉनवेज साहब? लगाने वाले लगा रहे थे उनके शब्दों का अहसास? समझ नहीं पा रहे थे अब योद्धा ने क्यों और किसको बोली किसलिए क्या सोचकर ये बात?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** इसके बाद भी देखा हमने प्रवासी वाली मीटिंग में योद्धा का एंग्री लुक? वो एक के बाद एक मार रहे थे हुक? सुना है वो एक वाईस प्रेजिडेंट के लगातार एबसेंट चलने से दिख रहे थे नाराज? वो बोले ये उपाध्यक्ष कभी बाहर तो कभी रहते हैं अंदर? अगर इनका यही रूख रहा तो फिर हमारे पास भी है व्यवस्था करने की पावर खास?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भले ही राजेन्द्र भईया को गाजियाबाद की राजनीति में ना होते हों ज्यादा दीदार? मगर हम देख रहे हैं कि जल्द ही सिटी के सेंटर में दिखाई देगी उनके तेल की धार? उनका पैट्रोल पम्प लगभग हो चुका है तैयार? अक्सर हमने देखें हैं उनके यहां पर दीदार? कहने वाले ने कहा कि जो भी हो ये पद पर रहें या नहीं रहें, मगर कामों में इनका जलवा रहता है? चाहे कोई भी हो सरकार?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** बज रहा था बार बार मैडम पदाधिकारी का मीटिंग में फोन? वो साईलेंट नहीं कर पा रही थीं फोन की टोन? फोन की आवाज से मीटिंग हो रही थी डिस्टर्ब? इस बात को करने वाले कर रहे थे बारीकी से ऑबजर्व? जब फिर से घंटी बजी तो ले गया उनका भी धैर्य जवाब? वो बोले मीटिंग तो हम बाद में ले लेंगे? पहले बाहर जाकर तसल्ली से फोन सुन लो आप?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** अध्यक्ष जी ने कार्यकर्ताओं को दिया एक और मूल मंत्र? बोले संस्कृति से जुड़ो तभी आयेगा आपकी भूमिका में तंत्र? फिर वो बोले आपमें से कितनों को आते हैं संस्कृत के श्लोक? कोई बगल झांकने लगा, तो कोई टटोलने लगा पाताल वाला लोक? इतनी देर में उठा दिये मिस्टर रंजन ने हाथ? दो चार श्लोक सुनाकर उन्होंने जलवा दिखा दिया साहब? ये सब देखकर आ गयी अध्यक्ष जी के चेहरे पर मुस्कान? वो बोले तरक्की तभी संभव है जब आप संस्कृति का भाई रंजन की तरह रखोगे ध्यान?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# स्वच्छता के साथ शिक्षा की अलख जगा रहा नगर निगम
## नगर आयुक्त ने वैशाली में आरआरआर स्किल एंड एजुकेशन सेंटर का किया शुभारंभ







**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने वैशाली स्थित ट्रिपल आर सेंटर का निरीक्षण कर नगर निगम की रिड्यूस, रीयूज और रीसाइकिल मुहिम को नई दिशा दी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वेस्ट सामग्री से तैयार किए जा रहे उपयोगी उत्पादों की सराहना की।

दूध की खाली थैलियों और फ्लेक्स वेस्ट से सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से तैयार किए जा रहे थैले न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक बन रहे हैं, बल्कि पॉलिथीन मुक्त शहर अभियान को भी मजबूती दे रहे हैं। नगर आयुक्त ने कहा कि ट्रिपल आर सेंटर अब केवल वेस्ट मैनेजमेंट का केंद्र नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी का उदाहरण बनता जा रहा है।

शहरवासी यहां अपनी अनुपयोगी वस्तुएं दान कर रहे हैं, जिन्हें जरूरतमंदों तक पहुंचाकर दोबारा उपयोग में लाया जा रहा है। इसी क्रम में नगर आयुक्त ने ट्रिपल आर सेंटर के पास आरआरआर स्किल एंड एजुकेशन सेंटर का शुभारंभ किया। इस केंद्र के माध्यम से रेग पिकर्स के 50 से अधिक बच्चों को शिक्षा से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। नगर निगम के इस प्रयास में सामाजिक संस्थाओं और शक्ति फाउंडेशन का भी सहयोग मिल रहा है। कार्यक्रम के दौरान नगर आयुक्त ने बच्चों से संवाद कर उनका उत्साह बढ़ाया और उन्हें शिक्षा, स्वच्छता तथा खेल गतिविधियों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ शहर का सपना तभी पूरा होगा, जब समाज का हर वर्ग विकास की मुख्यधारा से जुड़े। नगर निगम की ओर से जहां एक तरफ शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी प्रभावी कार्य किए जा रहे हैं।

इस मौके पर अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश तथा स्वच्छ भारत मिशन की टीम मौजूद रही।

# नाबालिग से छेड़छाड़ के आरोप में मुकदमा दर्ज, वायरल सीसीटीवी वीडियो से मामले ने पकड़ा तूल, दोनों मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** थाना कविनगर क्षेत्र में 14 वर्षीय किशोरी के साथ कथित छेड़छाड़ के प्रयास का मामला सामने आने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। पीड़िता की मां द्वारा थाना कविनगर में दी गई तहरीर में आरोप लगाया गया कि उनकी पुत्री पड़ोस स्थित परचून की दुकान पर सामान लेने गई थी, जहां दुकानदार ने उसके साथ छेड़छाड़ करने का प्रयास किया। मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना कविनगर पुलिस ने तत्काल सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस द्वारा आरोपी बब्बल चौधरी एवं प्रशांत चौधरी को देर शाम गिरफ्तारी कर लिया गया है।





पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। इसी बीच इस प्रकरण से जुड़ा एक सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है, जिसे लेकर इलाके में चर्चाएं तेज हो गई हैं। वायरल वीडियो में किशोरी सामान्य स्थिति में जाती हुई दिखाई दे रही है, जिसके बाद स्थानीय लोगों के बीच अलग-अलग तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आने लगी हैं। क्षेत्र में दोनों पक्षों के समर्थन में लोग खुलकर अपनी-अपनी बात रख रहे हैं। एक पक्ष जहां पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग कर रहा है, वहीं दूसरा पक्ष पूरे मामले की निष्पक्ष और तथ्यों के आधार पर जांच की बात कह रहा है। हालांकि पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जांच केवल वायरल वीडियो के आधार पर नहीं बल्कि सभी साक्ष्यों, बयान और परिस्थितियों को ध्यान में रखकर की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी निष्पक्षता के साथ आगे बढ़ाई जा रही है और जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसी के अनुसार कार्रवाई होगी। एसीपी कविनगर सूर्यबली मौर्य ने बताया कि पीड़िता की मां की तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है।

# इंदिरापुरम थानाक्षेत्र में दो गज पीछे अभियान के तहत चला अतिक्रमण हटाओ अभियान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने और सड़क किनारे बढ़ रहे अवैध अतिक्रमण को हटाने के उद्देश्य से दो गज पीछे अभियान के अंतर्गत इंस्पेक्टर कुलदीप सिंह के नेतृत्व में नगर निगम टीम एवं इंदिरापुरम थाना पुलिस बल के साथ संयुक्त अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान स्वर्ण जयंती पार्क रोड, श्रीराम चौक, काला पत्थर रोड तथा आदित्य मॉल के आसपास सड़क और फुटपाथ पर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटवाया गया। दुकानदारों एवं रेहड़ी-पटरी संचालकों को सख्त हिदायत दी गई कि सार्वजनिक मार्गों पर दोबारा कब्जा करने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। ट्रैफिक इंस्पेक्टर कुलदीप सिंह ने बताया कि सड़क किनारे अतिक्रमण के कारण यातायात प्रभावित होता है और आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसी को ध्यान में रखते हुए लगातार अभियान चलाकर सड़कों और फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त कराया जा रहा है।

नगर निगम और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई से क्षेत्र में काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा, वहीं स्थानीय लोगों ने अभियान की सराहना करते हुए नियमित कार्रवाई की मांग की।

# राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ ने किया प्रेसवार्ता का आयोजन
## सनातन धर्म के रक्षकों का सम्मान करना हमारा कर्तव्य : पं. आरडी शर्मा

**बड़ौत, करंट क्राइम।** राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ द्वारा बुधवार को बड़ौत स्थित नमन होटल में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित आरडी शर्मा ने कहा कि सनातन धर्म की रक्षा करने वाले लोगों का सम्मान करना समाज का दायित्व है।




इसी उद्देश्य से 10 मई 2026 को अमर बैंकट हॉल, दिल्ली-सहारनपुर रोड बड़ौत में 'सनातन प्रहरी सम्मान समारोह' आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में जनपद बागपत के 551 मंदिरों के पुजारियों, गुरुकुल के विद्यार्थियों, सम्मानित आचार्यों, पत्रकारों एवं सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संस्था समय-समय पर समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों, मेधावी छात्र-छात्राओं, महिला सशक्तिकरण में योगदान देने वाली महिलाओं तथा स्वच्छता अभियान में सहयोग देने वाले सफाई मित्रों का सम्मान करती रही है।

पंडित आरडी शर्मा ने बताया कि संस्था आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के विवाह कराने और उच्च शिक्षा में सहयोग जैसे सामाजिक कार्य भी करती है। उन्होंने कहा कि समाज में धर्म और संस्कृति के संरक्षण के लिए ऐसे आयोजनों की आवश्यकता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक लोकेश दीक्षित एवं भाजपा जिला अध्यक्ष नीरज शर्मा शामिल होंगे। संस्था के जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा ने बताया कि जनपद के गांवों और कस्बों में निमंत्रण पत्र पहुंचाए जा चुके हैं तथा कार्यक्रम को भव्य रूप देने की तैयारियां चल रही हैं।

महिला विंग की जिला अध्यक्ष आरती शर्मा ने कहा कि महिला कार्यकर्ता धर्म रक्षकों के स्वागत की तैयारियों में जुटी हैं। कार्यक्रम के संयोजक राष्ट्रीय महासचिव पंडित आदेश फौजी और राष्ट्रीय सचिव पंडित सुनील शर्मा व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। संस्था के प्रदेश अध्यक्ष पंडित अमरेश शर्मा ने कहा कि यह कार्यक्रम जनपद बागपत के महत्वपूर्ण आयोजनों में शामिल होगा और समाज को अपने धर्म रक्षकों के सम्मान का संदेश देगा।

वहीं प्रदेश महासचिव रेनू शर्मा अपनी टीम के साथ स्वागत तैयारियों में लगी हुई हैं। कार्यक्रम में व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी युवा विंग के जिला अध्यक्ष एडवोकेट विजय शर्मा एवं उनकी टीम संभाल रही है। प्रेस वार्ता में प्रदेश महासचिव बी.एल. गौतम, श्याम बाबू मिश्रा, राजीव शर्मा, वर्षा शर्मा, मुनीश शर्मा सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# एडिशनल सीपी ने दिखाई सख्ती, अपराधियों पर प्रहार तेज करने के निर्देश



**कई चौकियों के प्रभारी किए गए टाइट**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** थाना कविनगर में आयोजित हाई लेवल पुलिस गोष्ठी में एडिशनल सीपी (कानून-व्यवस्था/यातायात) राजकरन नैय्यर ने चौकी प्रभारियों और हल्का प्रभारियों को आक्रामक पुलिसिंग अपनाने के निर्देश दिए। बैठक में एसीपी कविनगर एवं एसीपी नन्दग्राम भी मौजूद रहे। एडिशनल सीपी ने ऑपरेशन प्रहार के तहत अपराधियों, हिस्ट्रीशीटरों और फरार बदमाशों पर लगातार कार्रवाई करने को कहा। लंबित एनबीडब्ल्यू की तामिली और वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए।

### बीट पुलिसिंग और गश्त पर जोर

**करंट क्राइम :** एडिशनल सीपी राजकरन नैय्यर ने कहा कि चौकी और हल्का प्रभारी क्षेत्र में लगातार सक्रिय रहें। बीट पुलिसिंग मजबूत करने, जनता से सीधा संवाद बढ़ाने और रात्रि गश्त को और अधिक प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया गया।

### महिला सुरक्षा और वरिष्ठ नागरिक प्राथमिकता में

**करंट क्राइम :** महिला अपराधों में तत्काल कार्रवाई और पीड़ितों को त्वरित सहायता देने के निर्देश दिए गए। साथ ही सीनियर सिटीजन सेल को सक्रिय करते हुए वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करने को कहा गया।

# खुलासा : अवैध संबंधों के शक में पति-पत्नी ने हॉकी से पीटकर युवक-युवती को तीसरी मंजिल से फेंका

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के नोएडा थाना सेक्टर-24 पुलिस ने सोमवार को हुई एक युवक की मौत और युवती के घायल होने के मामले में बड़ा खुलासा किया है। जिसे शुरूआत में आत्महत्या का प्रयास माना जा रहा था, वह वास्तव में एक सोची-समझी हत्या निकली। पुलिस ने इस मामले में आरोपी पति-पत्नी, हितेश राणा (33) और उसकी पत्नी चंचल (27) को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस जांच के अनुसार, सेक्टर-22 स्थित एक मकान की तीसरी मंजिल से पुनीत चौहान (26) और उसकी मित्र विद्या दास (20) संदिग्ध परिस्थितियों में नीचे गिर गए थे। इस हादसे में पुनीत की मौत हो गई, जबकि विद्या अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रही है। पुलिस ने शुरूआती जांच के बाद जब कड़ियां जोड़ीं, तो मामला हत्या का निकला।



गिरफ्तार आरोपी हितेश राणा ने पुलिस को बताया कि उसे अपनी पत्नी चंचल और मृतक पुनीत के बीच संबंधों का शक था। इसी विवाद को सुलझाने और माफी मांगने के लिए पुनीत अपनी मित्र विद्या दास के साथ हितेश के घर आया था। लेकिन बातचीत के दौरान विवाद इतना बढ़ गया कि हितेश और चंचल ने घर में रखी हॉकी स्टिक से उन पर हमला कर दिया। मारपीट के दौरान दोनों को तीसरी मंजिल से नीचे फेंक दिया गया।

**चिन्टू जी**




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।